# इस्लाम

## का परिचय

इसके सिद्धांतों,मूल्यों और विरासत
का संक्षिप्त मे विवरण

अत्यधिक धन्यहै वह , जिसने अपने सेवक (मुहम्मद) को (सही और गलत का) मानदंड बताया है, ताकि यह सभी मानव जाति के लिए एक चेतावनी हो।

पवित्र कुरान २५:१

# इस्लाम का परिचय

## इसके सिद्धांतों,मूल्यों और विरासत का संक्षिप्त मे विवरण

Islamic Information Center

**चौथा प्रकाशन: धू अल-हिज्जा 1447 / जून 2026**

**प्रतिलिप्याधिकार**

इस्लाम को समझने हेतु लोगो की मदत के उद्देश्य से इस्लामिक इनफार्मेशन सेंटर, सीभी भाषा में इस पुस्तक को मुद्रित करने की अनुमति देता है, **इस शर्तपर** कि इस पुस्तक मे कोई भी बदलाव ना किया जाये और यह व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए ना हो।

**लेखक और प्रकाशक**

**इस्लामिक इनफार्मेशन सेंटर**
**सुल्तान क़ाबूस ग्रैंड मॉस्क, मस्कत**
**सल्तनत - ए – ओमान**
**www.iicoman.com**
**ईमेल: info@iicoman.com**




इसके सिद्धांतों,मूल्यों और विरासत का संक्षिप्त मे विवरण

# विषय सूचि


*अनुभाग* *पृष्ठ*

प्रस्तावना ........ १
१ इतिहास में इस्लाम का वर्णन ........ २
२ इस्लाम का अर्थ और मूल सिद्धांत ........ ८
३ विश्व निर्माता - अल्लाह – की प्रकृति और विशेषताए ........ १९
४ नबी मोहम्मद – उन का जीवन और व्यक्तित्व ........ २१
५ नबी मोहम्मद की प्रमाणिकता ........ २४
६ पवित्र कुरान का इतिहास और संदेश ........ ३०
७ पवित्र कुरान की प्रमाणिकता ........ ३९
८ पैग़म्बर के कथनों, कार्यों या आदतों का वर्णन ........ ४२
९ मृत्यु के बाद का जीवन ........ ४४
१० अन्य धर्मों पर इस्लाम का विचार ........ ४९
११ इस्लाम में यीशु का स्थान ........ ५२
१२ इस्लाम के अलावा सभी धर्म ग़लत कियु है? ........ ५५
१३ नास्तिकता और अज्ञेयवाद पर फिटकार ........ ५७
१४ इस्लाम में महिलाओं का स्थान ........ ६१
१५ धार्मिक अतिवाद और हिंसा ........ ६२
१६ इस्लामि जिहाद ........ ६४
१७ इस्लामी शरीयत (क़ानून) ........ ६६
१८ मुस्लिम में विभाजन ........ ६८
१९ इस्लाम में मौलिक मानवाधिकार ........ ७०
२० इस्लाम में सांस्कृतिक विविधता ........ ७४
२१ धर्म क्यों महत्वपूर्ण है ? ........ ७८
२२ मुसलमान कैसे बन सकते है ........ ८०

शब्दकोष ........ ८२
समाप्ति नोट ........ ८४
संदर्भ........ ८८

# प्रस्तावना

अल्लाह ने मनुष्य को अपनी इबादत (भक्ति) और आज्ञाओं के अनुसार जीवन व्यतीत करने के एकमात्र उद्देश्य से बनाया है। इसलिए अल्लाह ने अपना धर्म स्थापित किया, जो अपने आपको अल्लाह की इच्छा अनुसार समर्पित कर देना है (जिसे अरबि मे इस्लाम कहते है), इस धर्म (इस्लाम) की ओर मानवता का मार्गदर्शन करने के लिए रसूल, नबी, यानि दूत भेजे और धार्मिक शास्त्रों, पवित्र ग्रंथो का वरदान किया । इस लिए, सभी मनुष्यों को परमेश्वर के इस धर्म को जानने का अधिकार है और उनको आस्था के मामलों में सूचित विकल्प के चयन का अवसर मिलना चाहिए । दुर्भाग्य से, शुरू से ही, इस्लाम अपने आलोचकों द्वारा विकृत किया गया है और इस कारण, इस्लाम हमेशा गलत समझा गया है जिसकी वजह से आध्यात्मिक सत्य जनने वालों के लिए बाधा होती है । कुछ अपवादों के अलावा, तथाकथित विशेषज्ञों द्वारा इस्लाम के बारे में आज जो कुछ भी प्रस्तुत किया गया है, वह विभिन्न पूर्वाग्रहों से प्रभावित है । वास्तव में, इस्लाम के अलावा, दुनिया में ऐसा कोई धर्म नहीं है जिसके बारे में पश्चिमी लेखकों ने बहुत कुछ लिखा हो लेकिन नकारात्मक और भ्रामक तरीके से । पिछले कुछ दशकों से इस्लाम के बारे मे इतना कुछ लिखने के बाद भी, ऐसे साहित्य बहुत कम हैं जो सत्य पर आधारित इस्लाम के प्रामाणिक कार्य उजागर करें, जो ध्रुवीकरण के बजाय आपसी समझ बनाने मे लाभदायक हों ।

इस पुस्तक का उद्देश्य इस महान धर्म पर प्रकाश डालना और इसके बारे में विकृतियों और भ्रांतियों को दूर करना है जिससे सभी को इस्लाम, उचित और सच्चे परिप्रेक्ष्य में, समझने का अवसर मिले और उनका सही मार्गदर्शन हो । हमारी संस्कृति के आधार पर हम आस्था को समझते और चुनते हैं लेकिन, केवल ज्ञान के माध्यम से ही, हम सत्य और असत्य मे फर्क कर पता कर सकते हैं के सत्य वास्तव में क्या है ।

# इतिहास में इस्लाम का वर्णन

इस्लाम धर्म और सभ्यता दोनों है, यह एक ऐतिहासिक वास्तविकता है जो चौदह शताब्दियों से मानव इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा है और सभी महाद्वीपों के विशाल क्षेत्र मे फैला है। इस्लाम एक आध्यात्मिक वास्तविकता है जिसने सभ्यताओं, विशेष रूप से पश्चिमी सभ्यता के कुछ पहलुओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और दुनिया भर में कई मनुष्यों की जीवन शैली को बदल दिया । आज विभिन्न नस्लीय, जातीय और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के लगभग दो अरब लोग मुसलमान हैं और इस्लामी शरीयत (कानून) का पालन करते है। आज की दुनिया में इस्लाम की न केवल प्रमुख उपस्थिति है, बल्कि इसका प्रभाव पश्चिम, एशिया और अफ्रीका में भी स्पष्ट है। यही कारण है की समकालीन मानवता की स्थिति से संबंधित लोगों के लिए , पश्चिमी बौद्धिक और सांस्कृतिक इतिहास में रुचि रखने वालों के साथ-साथ धर्म और उसकी आध्यात्मिकता की वास्तविकता की और आकर्षित लोगों के लिए इस्लाम का ज्ञान बहुत महत्वपूर्ण है।

उम्मत (एक समुदाय) की संकल्पना के महत्त्व या मुसलमानो की समग्रता, जिससे इस्लामी दुनिया का गठन होता है, इनको जाने बिना इस्लाम को समझा नहीं जा सकता । इस्लामि उम्मत एक है, जो ईश्वरीय एकता और संप्रभुता के कुरानि संदेश और नबी मुहम्मद (शांति और अल्लाह का आशीर्वाद हो उन पर) १ के दूत होने और ईश्वरीय कानून (शरीयत) की एकजुटता से बाध्य है। मुस्लिम भाईचारे के शक्तिशाली बंधन से एकजुट होते हैं, बावजूद उन तमाम उथल-पुथल के जिससे कुछ मुस्लिम समाज परेशान है, यह एक ऐसा बंधन है, जो आज भी दृढ़ता से महसूस किया जाता है । हालाँकि मुसलमान अब राजनीतिक रूप से एकजुट नहीं हैं, फिर भी वे एक धार्मिक समुदाय हैं । दुनिया में शायद ही कोई जातीय या नस्लीय समूह होगा, जिसमें इस्लामि उम्मत से संबंधित कुछ सदस्य न हों । शुरू से ही, इस्लाम ने धर्म के रूप में, जातिवाद, विभाजन और जनजातीयता के सभी रूपों का दृढ़ता से विरोध किया है । इसलामी उम्मत में दुनिया के सभी जातीय और नस्लीय समूह शामिल हैं जो एशिया, अफ्रीका, यूरोप, उत्तर और दक्षिण अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया महाद्वीपों में फैले हैं ।

इस्लाम का इतिहास उस इस्लामी समाज, संस्थानों और सभ्यता के इतिहास से अविभाज्य है जिसमें यह जाहिर हुआ है । पैगम्बर की मक्का से मदीना के प्रवास की अवधि (जो मदीना में पहले इस्लामिक समाज की स्थापना का प्रतीक है) से उनकी मृत्यु तक और तुरंत बाद चार सही-निर्देशित खलीफाओं का शासन काल (६२२ ई से ६६१ ई) इस्लामी इतिहास में एक अनूठी अवधि का गठन है । यह एक आदर्शवादी दौर रहा है जिसमें से बाद के आने वाले मुसलमानों ने अपने लिए मार्गदर्शन की राह तलाश की है ।

पहले चार 'राशिदून' (सही निर्देशित) खलीफाओं के तुरंत बाद के शाशक ने एक विशाल साम्राज्य की स्थापना की जिसकी राजधानी सीरिया का शहर दमिश्क को बनाया गया, लेकिन उन्होंने सही ढंग से निर्देशित खिलाफत को परिवर्तित कर एक वंशानुगत राजवंश स्थापित किया । पहले मुस्लिम राजवंश, उमैयद खिलाफत ने, मध्य एशिया से लेकर स्पेन और फ्रांस तक शासन किया था, उमैयद खिलाफत ने संचार, प्रशासन, कानून और सैन्य संस्थानों की स्थापना की, इन में से बहुत सी संस्था कई शताब्दियों तक प्रचलित और सेवा में रही । उमैयद



*स्पेन के शहर ग्रानादा में स्थित अलहम्ब्रा पैलेस*

क्षेत्रफल में सार्वजनिक प्रशासन, वाणिज्य, कृषि और डाक जैसी सेवाओं में बहुत से सुधार प्रस्तावित किये गए थे । उमय्यद राजवंश उस समय चरम पर था, जब उन्होंने अरबी भाषा को मुस्लिम दुनिया की लोक भाषा बनाने का निर्णय लिया था और एक सामान्य मुद्रा लागु करने के लिए सोने और चांदी के सिक्कों का खनन शुरू किया था । दमिश्क में उमय्यद मस्जिद और यरूशलेम में गुम्बदे -ए –सखरा उमय्यद की महत्वपूर्ण वास्तु-काला की उपलब्धियों में से हैं।

७५० (इ) में अब्बासी खिलाफत ने उमैयद खिलाफत को उखाड़ फेका और नए शहर बगदाद को इस्लाम की नयी राजधानी बनायी । अब्बासी शासन उस अवधि को चिह्नित करता है जिसमें इस्लामी सभ्यता अपने चरम पर पहुंच गई थी । अब्बासि शासक कला, विज्ञान और दर्शनशास्त्र के महान संरक्षक थे । यह वह समय था जब इस्लामी विज्ञान और दर्शनशास्त्र दोनों फल फूल रहे थे । अब्बासियो ने एक बौद्धिक संस्कृति का निर्माण किया, जिसने शास्त्रीय यूनान और रोम साम्राज्य को टक्कर दी । जैसे जैसे समय बीतता गया, मुस्लिम साम्राज्य से बगदाद का केंद्रीकृत अधिकार नए स्वतंत्र सत्ता और सीखने के केंद्रों में विकसित हो गया जहां शिक्षण और अनुसंधान संस्थान एक दूसरे को प्रति द्वंद्वी बने । बगदाद, दमिश्क, बुखारा, काहिरा, फ़ेज़, कॉर्डोबा, शिराज, आदि जैसे केंद्रों से दुनिया भर के ज्ञान प्राप्ति में रूचि रखने वालों को फायदा हुआ । बहुज्ञानि लोग जैसे अल-किदी, अल-फ़राबी, इब्न सिना, इब्न रुश्द, इब्न अल-हयथम, अल-बिरूनी, अल-ख्वारिज़्मी और कई अन्य लोग नए विचारों वाले के लिए जाने जाने लगे । मुस्लिम जगत में दर्शनशास्त्र, खगोल विज्ञान, चिकित्सा, गणित और विज्ञान की अधिकांश गतिविधियाँ अरबी भाषा में आयोजित की जा रही थीं , जो उस समय अंतर्राष्ट्रीय छात्रवृत्ति की भाषा थी । यह वह अवधि थी जब उमय्यद खिलाफत के साथ शुरू होने वाले इस्लामि कानून (शरीयत) के संहिताकरण को अंतिम रूप दिया गया था और कानून के पारंपरिक स्कूल जो आज भी मौजूद हैं जैसे सुन्नी, शिया और इबादी इनकी स्थापना हुई थी । यही वह दौर था जब बुखारी, मुस्लिम और अन्य लोगों द्वारा हदीस के निश्चित और विहित संग्रह स्थापित किए गए थे । नौवीं और दसवीं शताब्दी के मुस्लिम शहर बगदाद और कॉर्डोबा सबसे सभ्य शहर और ज्ञान का सागर थे जिन से बौद्धिक और सांस्कृतिक लोग आकर्षित थे । जब फ्रांस, इंग्लैंड या इटली के शासकों को एक सलाहकार, शल्य चिकित्सक,

वास्तुकार, यहां तक कि एक संगीतकार या निपुण दर्जी की आवश्यकता होती थी, तो वे बगदाद या कॉर्डोबा से संपर्क करते । मुस्लिम शहरों में पत्थरो के पक्के बने घर और महल थे , वहां पक्की और रौशनी वाली सड़के , बहते पानी, विश्वविद्यालय और पुस्तकालय, अस्पताल और औषधालय, कला दीर्घाओं और सार्वजनिक स्नानागार थे। मध्यकालीन मुसलमान पहले से ही व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे साबुन, सौंदर्य प्रसाधन और इत्र के उन्नत उत्पादों का सेवन कर रहे थे। अब्बासि खिलाफत काल वास्तव में विज्ञान और नवाचार, उच्च जीवन स्तर और आधुनिक समाज के मामले में मुसलमानों के "स्वर्ण युग" का प्रतीक है।

धीरे धीरे, अब्बासी राजवंश की शक्ति कम होने लगी और १५१७ ई में तुर्क उस्मानियों ने अब्बासियों का शाशन ख़त्म कर दिया और उस्मानि खिलाफत कायम की। खिलाफते उस्मानिया, ओटोमन साम्राज्य, सुल्तान सुलेमान के अंतर्गत अपने चरम पर पहुंचा, जिन्होंने पूर्व कॉन्स्टेंटिनोपल बीजान्टिन साम्राज्य का एक शहर (आज के इस्तांबुल) से शासन किया। उनकी मृत्यु के समय तक, पूरे सीरिया, मिस्र, उत्तरी अफ्रीका, अरब प्रायद्वीप और



*इस्तांबुल, तुर्की में सुलेमानीया मस्जिद का आंतरिक दृश्य*

पूर्वी यूरोप के कई हिस्से उनके शासन के अधीन थे। तुर्क (ओटोमन) सुल्तानों ने बेजोड़, शानदार और दक्षता के साथ एक विशाल साम्राज्य पर शासन किया। उस समय के अन्य राज्य उनके स्तर तक नहीं पहुँच सके थे । तुर्क (ओटोमन) सुल्तानों ने अपने साम्राज्य के विभिन्न तत्वों को एक संस्कृति में जबरदस्ती शामिल नहीं किया; वे काफी सहिष्णु और बहुलवादी थे। ओटोमन सुल्तानों ने ऐसे ढांचा प्रदान किया, जहां विभिन्न समूह शांति से रह कर अपने स्वयं के विश्वासों, संस्कृति, कानूनों और अपने सदस्यों और नेताओं के प्रति वफादारी का पालन करते थे । तुर्क शासक एक स्थायी और सफल साम्राज्य स्थापित करने में सफल रहे, जो छह शताब्दियों तक चला । सत्रहवीं से बीसवीं सदी में यूरोपी औपनिवेशिक विस्तार देखा गया जब गैर मुस्लिम व्यापारियों और मिशनरियों, सैनिकों और औपनिवेशिक प्रशासकों का मुस्लिम भूमि पर बहुत अधिक वर्चस्व और प्रभाव बढ़ा । पुर्तगाली, स्पैनिश, डच, अँगरेज़ और फ्रांसीसी सभी ने औपनिवेशिक साम्राज्य का विकास किया, और चीनी और रूसियों ने भी अपने क्षेत्रों को मुस्लिम देशो में विस्तारित किया । इस तरह का विदेशी वर्चस्व न केवल कई मुसलमानों के लिए अपमानजनक था, बल्कि इसने इस्लामी समाज की नींव को भी खतरे में डाल दिया क्योंकि यूरोपीय शासकों ने पारंपरिक मुस्लिम शैक्षणिक, कानूनी और सरकारी संस्थानों को पश्चिमी विचार और संस्कृति के साथ बदल दिया। यूरोपी लोगों ने ईसाई-प्रभाव, धर्मनिरपेक्ष और भौतिकवादी सांस्कृतिक मूल्यों को विशेषाधिकार प्रदान करके मुस्लिम क्षेत्रों के धार्मिक लोकाचार को कम और दुर्बल कर दिया। बीसवीं शताब्दी की शुरुआत तक ऑटोमोन शाशन बहुत कमज़ोर होगया यहाँ तक की प्रथम विश्व युद्ध के बाद वह पराजित और समाप्त हो गया । ओटोमन साम्राज्य के पतन के बाद, वर्तमान तुर्की गणराज्य की स्थापना पश्चिमी शैली के धर्मनिरपेक्ष मॉडल के आधार पर की गई थी. शेष ओटोमन इलाक़ो ने अपनी स्वतंत्रता प्राप्त कर ली ।

आधुनिक समय में अपने पारंपरिक दृष्टिकोण पर आलोचनाओं और हमलों के बावजूद भी दुनियाभर में मुसलमानों की बड़ी संख्या अपनी परंपरा और रीति रिवाज़ का पालन कर रही है । आज इस्लाम को समझने के लिए, महत्वपूर्ण है यह समझना कि विभिन्न धर्मों का इतिहास एक ही प्रक्षेपवक्र का पालन नहीं करते हैं। समय बितने के साथ उनके सिद्धांतो में बदलाव देखा गया है। ईसाई धर्म में सोलहवीं शताब्दी में सुधार आंदोलन शुरू हुआ जिसके

परिणाम स्वरूप प्रोटेस्टेंट वाद का जन्म हुआ । यहूदी धर्म ने सुधार और रूढ़िवादी दोनों आंदोलन का अनुभव किया इनके विपरीत इस्लाम में अब तक सैद्धांतिक या धार्मिक रूप से कोई परिवर्तन नहीं हुआ है और भविष्य में भी ऐसा होने की सम्भावना नहीं है। इस्लाम का धार्मिक जीवन और विचार अपने परम्पराओ के ढांचे में अधिक समय से बने रहे है । आधुनिकतावाद और तथाकथित कट्टरवाद ने इस्लामी समाज के और इस्लामी देशों के कुछ क्षेत्रों में पारंपरिक इस्लामिक जीवन में बदलाव लाया है, लेकिन कोई भी धर्मविज्ञानी या न्यायिक विश्वदृष्टि बनाने में असमर्थ रहे हैं जो पैगंबर के समय और चार सही-निर्देशित खलीफाओं के समय से चली आरही परमराओ को चुनौती दे सके। दुनियाभर के अधिकांश मुस्लिम अभी भी पहले वर्णित, बताई गयी, इस्लामी पारंपरिक संस्कारों का पालन करते हैं, और वह अपनी जीवन की शैली को पारंपरिक रूप से इस्लाम से जुड़ी घटनाओं के रूप में समझते और व्यतीत करते हैं । इसके अलावा, कुरान, हदीस, शरीयत और इन जैसे पारंपरिक इस्लामी विज्ञान, इस्लामी कानूनी प्रणालियों और पारंपरिक इस्लामी शिक्षा पर हमले और ग़लत आरोपों के बावजूद भी, सदियों से वैसे ही चले आरा रहे है ।



*मक्का में, काबा, एक अल्लाह की इबादत (भक्ति) के लिए धरती पर बनाया गया पहला घर । (कुरआन ३ : ९६)*

# इस्लाम का अर्थ और मूल सिद्धांत

**इस्लाम** धर्म की परिभाषा यह है की एक अल्लाह को मानना, उसकी इच्छा को स्वीकार करना और उनका पालन करना, जैसा की इस्लाम के आखरी पैगम्बर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उनपर) पर अवतरित हुआ था ।

इस प्रकार, इस्लाम का अर्थ है, अल्लाह की इच्छा के प्रति ईमानदार और शांतिपूर्ण समर्पण । अल्लाह की इच्छा के अधीन होने का तात्पर्य है, अल्लाह, जो सब का निर्माता है उसके प्रति सच्ची श्रद्धा, और उसकी इच्छाओ पर सम्पूर्ण समर्पण, और ये ईश्वर के साथ, स्वयं के साथ, अन्य प्राणियों के साथ और पर्यावरण के साथ शांति के लिए सही और उचित स्थिति हैं । जो लोग इस्लाम धर्म का पालन करते हुए ईश्वर (अल्लाह) की इच्छा को मानते और समर्पण करते हैं, उन्हें **मुसलमान** कहते है।

इस्लाम कोई नया धर्म नहीं है । यह वही धर्म है जो सारे पैगम्बरो, आदम से लेकर नूह, अब्राहम, इस्माइल, इसहाक और साथ ही मूसा, जीजस और अंत में मुहम्मद (शांति और अल्लाह का आशीर्वाद उन पर हो) पर अवतरित हुआ था। ये सभी नबी, पैगम्बर मुस्लिम थे क्योंकि वे सभी केवल अल्लाह की इबादत (भक्ति) करते थे और केवल अल्लाह ही की इच्छा अनुसार अपना जीवन व्यतीत करते थे ।२ इसी तरह, अल्लाह के सभी पैगंबरों द्वारा बताए गए, प्रचारित धर्म का पालन करने वाले को मुस्लिम कहते हैं । इस्लाम शब्द के इस अंतर्निहित अर्थ के संदर्भ में अल्लाह ने पवित्र कुरान (३ :१९) में घोषणा की है।

*ईश्वर की दृष्टि में धर्म उसकी इच्छा (इस्लाम) को मानना और पालन करना है*

इस्लाम **आस्था (ईमान) के छह स्तंभ** और **धर्म** (इस्लाम) **के पांच स्तंभ** पर आधारित है । आस्था, ईमान के स्तंभ पर दृढ़ विश्वास को कहते है और धर्म उस विश्वास का व्यावहारिक प्रतिज्ञान है । इस्लाम धर्म में आस्था पुरोगामी शर्त है, क्योंकि आस्था सृष्टिकर्ता की मान्यता, अभिस्वीकृति और उसकी दिव्यता, आधिपत्य और सेवा, भृत्यभाव के अधिकार का नाम है, (अरबी भाषा में इन्हे उलूहिया, रुबूबियह, उबूदियह कहते है)

# आस्था के छह स्तंभ

आस्था के  स्तंभ  के बारे में पवित्र कुरान के विभिन्न छंदों में वर्णित हैं ।[३] उदाहरण के लिए, आस्था के पहले स्तंभ पर अल्लाह पवित्र क़ुरान के अध्याय ११२ में कहते हैं:

**بِسْمِ اللَّهِ الرَّحْمَٰنِ الرَّحِيمِ**

**قُلْ هُوَ اللَّهُ أَحَدٌ * اللَّهُ الصَّمَدُ * لَمْ يَلِدْ وَلَمْ يُولَدْ * وَلَمْ يَكُن لَّهُ كُفُوًا أَحَدٌ**

***कहो: वह अल्लाह है, बिलकुल अकेला, अल्लाह जो शाश्वत और निरपेक्ष है, न उसकी कोई संतान है और ना ही वह किसी की संतान है; और कोई उसका समकक्ष नाही है***

**पहला स्तंभ:**

यह विश्वास कि अल्लाह के सिवा कोई इबादत (भक्ति) के योग्य नहीं है । वह ब्रह्मांड का निर्माता है, एक और अकेला, जिनके गुण अद्वितीय और अविभाज्य हैं और उसका कोई साथी नाही है न कोई उसके साझेदार हो सकते हैं । विश्वास के इस सिद्धांत को एकेश्वरवाद कहा जाता है (जिसे अरबी भाषा में अत-तौहीद कहते है)

***आस्था के इस स्तंभ का महत्व:*** *(i) सृष्टिकर्ता की एकता का अर्थ है सृष्टि में उद्देश्य की एकता और इसलिए धर्म की एकता ही जीवन के मार्ग की एकता है । आज अधिकांश मानवता आध्यात्मिक निराशा और अरुचि से जूझ रही है क्योंकि यह जीवन में उद्देश्य की एकता को महत्व नाही दे रही है (ii) ईश्वर के गुणों को अन्य प्राणियों को समर्पित करना अंधविश्वास जनम देता है जिससे भय, भ्रष्टाचार और शोषण पैदा होता है।*

**दूसरा स्तंभ:**

फ़रिश्ते या देवदूतों में विश्वास, जो अल्लाह के आध्यात्मिक सेवक और प्रतिनिधि हैं । मनुष्यों के विपरीत, फ़रिश्ते या देवदूत आत्माएं हैं जिनका कोई भौतिक शरीर नहीं है । उनकी प्रकृति, स्वरुप सदा के लिए अल्लाह की इबादत (पूजा) करना है और उसकी आज्ञाओं का पालन करना है ।

***आस्था के इस स्तंभ का महत्व:*** *उन बातों पर विश्वास करना, जो हमारी मानवीय शारीरिक अनुभूति से परे हैं, विश्वास की आवश्यकताओं में से एक हैं । विश्वास का यह स्तंभ, अल्लाह द्वारा किये गए निर्माण, जो हमारी शारीरिक धारणा के परे है, को महसूस करने और उसकी सराहना करने के लिए मानव बौद्धिक क्षमता को और बढ़ाता है और आध्यात्मिक समझ और अंतर्दृष्टि का मार्ग खोलता है ।*

**तीसरा स्तंभ:**

सभी दिव्य ग्रंथों या शास्त्रों में विश्वास जो अल्लाह के दूतों के ज़रिये अवतरित किए गए थे । उदाहरण के लिए पवित्र ग्रन्थ ज़बूर जो दाउद पर अवतरित हुई पवित्र ग्रन्थ तौरात जो मूसा पर अवतरित हुई, पवित्र ग्रन्थ इंजील जो ईसा मसीह पर अवतरित हुई और आखरी ग्रन्थ पवित्र कुरआन जो पैगम्बर मुहम्मद पर अवतरित हुई (अल्लाह की शांति और आशीर्वाद हो उन सब पर )

***आस्था के इस स्तंभ का महत्व:*** *यह एक तार्किक सिद्धांत है क्योंकि सभी शास्त्र और ग्रन्थ विश्वास और नैतिकता के समान मूल सिद्धांतों के साथ एक ही निर्माता, अल्लाह से आए है । एक शास्त्र की स्वीकृति और दूसरे की अस्वीकृति एक विरोधाभास होगी । और यह भी समझ से बाहर है कि अल्लाह मानव जाति के लिए अलग और विरोधाभासी संदेश भेजेगा । कुरआन पिछले धर्मग्रंथों की पुष्टि करता है, मानव जाति के लिए ईश्वर के संदेश को पूरा करता है और पूर्व संदेशवाहकों, दूतों के संदेशों को, जिन्हे मनुष्य द्वारा परिवर्तित कर दिया गया है, ठीक करता है ।*

**चौथा स्तंभ:**

आदम से लेकर आखिरी संदेशवाहक मुहम्मद (शांति और अल्लाह का आशीर्वाद उन पर हो) तक अल्लाह के सभी दूतों में विश्वास रखना

***विश्वास के इस स्तंभ का महत्व:*** *यह भी एक तार्किक सिद्धांत है क्योंकि सभी दूत एक ही निर्माता, अल्लाह कीओर से आए थे और मानव जाति के लिए एक ही मूलसंदेश लाये थे । एक दूत की स्वीकृति और दूसरों की अस्वीकृति न केवल एक विरोधाभास है, बल्कि ईश्वर के धर्म में विभाजन भी पैदा करता है।*

**पांचवा स्तंभ:**

प्रलय, फैसले के दिन में विश्वास. स्वर्गदूतों, फरिश्तों के विपरीत, मनुष्यों को पसंद के विकल्प की स्वतंत्रता दी गई है: कोई अल्लाह की आज्ञा का पालन करना या अवज्ञा करना चुन सकता है । हालांकि, यह स्वतंत्रता अल्लाह के प्रति जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ आती है । प्रलय या फैसले के दिन हमें उन विकल्पों का हिसाब देना होगा जो हमने इस जीवन में किए हैं । जिन लोगों ने सही विकल्प का चुनाव किया और अल्लाह के संदेश का पालन करते रहे, वे अनंत काल तक के लिए स्वर्ग में जाएंगे और जिन्होंने गलत चुनाव किए हैं और अल्लाह के संदेश की अवहेलना करते हैं वे अनंत काल के लिए नर्क में जाएंगे।

***आस्था के इस स्तंभ का महत्व:*** *इस स्तंभ का तात्पर्य है ईश्वर के प्रति जवाबदेही और इस दुनिया में हमारे कार्यों के लिए जवाबदेही । सच्ची न्याय और शाश्वत संतुष्टि के लिए हमारी लालसा और आशा तब ही प्राप्त होगी जब न्याय, फैसले के दिन सच्चे और पूर्ण दिव्य न्याय की स्थापना की जाएगी ।*

**छठा स्तंभ:**

दैवीय संकल्प और नियति में विश्वास: सृष्टि में होने वाली हर चीज़ (अच्छा, बुरा या उदासीन) उन कानूनों के अनुसार (*अरबी भाषा मे जिसे क़ज़ा व क़द्र कहते है* ) होती है जो अल्लाह ने अपने अनंत ज्ञान में पूर्व निर्धारित किया है । सृष्टि में कुछ भी अल्लाह के शासन के बाहर नहीं है और इन (दोनों भौतिक और आध्यात्मिक) कानूनों और मापदंड के माध्यम से नियंत्रण में है । इसके अलावा, अल्लाह न केवल अपने कानूनों और माप के माध्यम से पूर्ण नियंत्रण रखता है, बल्कि उसके पास सभी चीजों का पूर्ण ज्ञान भी है जिसमें सभी स्थान और समय

शामिल हैं और अल्लाह को अतीत, वर्तमान और भविष्य में घटित होने वाली हर चीज का संज्ञान है । पवित्र क़ुरआन कहता है (६:५९ );

*उसी के पास परोक्ष की कुंजियाँ है, जिन्हें उसके सिवा कोई नहीं जानता। जल और थल में जो कुछ है, उसे वह जानता है। और जो पत्ता भी गिरता है, उसे वह निश्चय ही जानता है। और धरती के अँधेरों में कोई दाना हो और कोई भी आर्द्र या सूखी चीज़ हो, निश्चय ही एक स्पष्ट किताब में मौजूद है ।*

मानव जीवन के प्रवाह और ज्वार का अल्लाह को सम्पूर्ण ज्ञान है । हालांकि, अल्लाह के इस मानव कृत्यों का ज्ञान किसी व्यक्ति को उन कृत्यों को करने के लिए मजबूर नहीं करता है, उदाहरण के लिए, खगोलविद अपने वैज्ञानिक ज्ञान से कई साल पहले ही भविष्य में होने वाले सूर्य ग्रहण की भविष्यवाणी करते है लेकिन सूर्य ग्रहण उनके ज्ञान या भविष्यवाणी के कारण नहीं होता है । इसी तरह, अल्लाह अपने असीम ज्ञान (समय और स्थान तक सीमित नहीं) रखने से जानता है कि मनुष्य क्या करेंगे, लेकिन यह उस व्यक्ति को उस कार्य को करने के लिए मजबूर नहीं करता है I

इसलिए, उपर्युक्त सिद्धांत मनुष्य को दी गई इच्छा, विकल्प की स्वतंत्रता को नकारते नहीं हैं; इन सब का अर्थ है कि हमारी पसंद या विकल्प के तरीके और साधन हमेशा इनका अनुसरण करेंगे, (i) अल्लाह के कानून (ii) हमारी विकल्प या पसंद के परिणाम ईश्वरीय मापदंड के अनुसार होंगे (iii) अल्लाह को हमारे कार्यों का पूर्व ज्ञान है, लेकिन हम तब भी अपनी इच्छा, और कार्य के लिए जवाबदेह होंगे ।४ इसके बावजूद के, मनुष्य के पास इच्छा, विकल्प की स्वतंत्रता है और वे अपनी पसंद और अपने कार्यों के ज़िम्मेदार हैं, लेकिन उनके पास अपनी इच्छा पैदा करने की रचनात्मक शक्ति नहीं है ।

*तुमको और जिसको तुम लोग बनाते हो अल्लाह ही ने पैदा किया है*
*(पवित्र क़ुरान ३७:९६ )*

इसका मतलब यह है कि मानव की इच्छा की स्वतंत्रता के संबंध में, अल्लाह ने "मानवीय इच्छा" को "ईश्वरीय इच्छा" के लिए एक शर्त माना है या मानवीय कार्यों के कुछ कृत्यों की दिव्य दीक्षा से संबंधित बताया है । दूसरे शब्दों में, मनुष्य उन कार्यों की कामना करते हैं, और अल्लाह उन्हें पूरा करता है (यदि अल्लाह उन्हें पूरा करने का फैसला करे तो) । इस तरह "मानव इच्छा" "ईश्वरीय इच्छा" के अनुसार संचालित होती है । यह कहना संभव है,

अच्छाई और बुराई दोनों का रचनात्मक हिस्सा अल्लाह का है, फिर भी, मानव पसंद के परिणामस्वरूप बुराई का निर्माण होता है जिसका कारन मानव अपनी स्वतंत्र इच्छा का उपयोग नहीं करता या उसका दुरुपयोग करता है । अल्लाह कृत्यों और उसका परिणाम बनाता है ।

***जब तुमको कोई लाभ पहुंचे, तो वो अल्लाह की तरफ़ से है, और जब तुमको कोई नुक्सान हो, तो वो ख़ुद तुम्हारे कारन है । (पवित्र क़ुरान ४:७९)***

अल्लाह के दृष्टिकोण से, बुराई का निर्माण या बुराई कीअनुमति देना अपने आप में बुराई नहीं है, लेकिन बुराई को चुनना और करना बुराई है । ईश्वर बुराई का चयन नहीं करता, इंसान करता है ।

**आस्था के इस स्तंभ का महत्व:** *सृष्टि और निर्माण पे अल्लाह के पूर्ण नियंत्रण और शासन में विश्वास, अल्लाह, सृष्टि पर उसकी संप्रभुता के हमारे विश्वास की पुष्टि करता है । आस्था का यह स्तंभ, अल्लाह का  अपनी रचना के प्रति दया और करुणा वाले गुण, विशेषता दर्शाता है, और विश्वासियों को आंतरिक शांति प्रदान करता है, और उनके दिलों को मजबूत करता है।*

***विश्वास के ये छह सिद्धांत, स्तंभ  मानव बुद्धि को आध्यात्मिक समझ और अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। इसके अलावा, वे एक "आस्तिक" को विश्वासी को पूर्ण अर्थ में परिभाषित करते हैं; इन सिद्धांतों में से किसी एक का इंकार, जैसे कि एक नबी, देवदूत पर विश्वास करना और दूसरों को नकारना , मानव  को "अविश्वासी" बनाता है***

# अज़ान: प्रार्थना का आह्वान

*अल्लाह सब से महान है, अल्लाह सब से महान है*

*अल्लाह सब से महान है, अल्लाह सब से महान है*

*मैं गवाही देता हूं कि अल्लाह के सिवा कोई दूसरा भक्ति के काबिल नहीं*

*मैं गवाही देता हूं कि अल्लाह के सिवा कोई दूसरा भक्ति के काबिल नहीं*

*मैं गवाही देता हूं कि मुहम्मद अल्लाह के रसूल (दूत) हैं*

*मैं गवाही देता हूं कि मुहम्मद अल्लाह के रसूल (दूत) हैं*

*आओ नमाज़ की ओर, आओ नमाज़ की ओर*

*आओ सफलता की ओर, आओ सफलता की ओर*

*अल्लाह सब से महान है, अल्लाह सब से महान है*

*अल्लाह के सिवा कोई दूसरा भक्ति के काबिल नहीं*

*प्रार्थनाओं का आह्वान लोगों को अनन्त सफलता के लिए आमंत्रित करता है । यह मानवता के लिए एक निरंतर स्मरण है कि अल्लाह के सिवाय कोई भी इबादत (भक्ति) के योग्य नहीं है, और मुहम्मद (शांति और अल्लाह का आशीर्वाद उस पर हो) अल्लाह के पैगम्बर, संदेशवाहक है I*

# धर्म के ५ स्तंभ

धर्म के पांच स्तंभ कुरान के विभिन्न श्लोकों में निर्धारित हैं ।५ उदाहरण के लिए, पहले स्तंभ के संबंध में, अल्लाह पवित्र कुरान में (४९ :१५) कहते हैं

**إِنَّمَا الْمُؤْمِنُونَ الَّذِينَ آمَنُوا بِاللَّهِ وَرَسُولِهِ ثُمَّ لَمْ يَرْتَابُوا وَجَاهَدُوا بِأَمْوَالِهِمْ وَأَنفُسِهِمْ فِي سَبِيلِ اللَّهِ ۚ أُولَٰئِكَ هُمُ الصَّادِقُونَ**

*वास्तव में सच्चा विश्वास रखने वाले वे हैं जो अल्लाह और उसके रसूल पर विश्वास करते हैं और कोई संदेह नहीं करते और फिर उन्होंने अपने जीवन और अपनी संपत्ति के साथ अल्लाह के मार्ग में कड़ी मेहनत की I यही लोग सत्यवादी हैं।*

**पहला स्तंभ:**

अपने दिल और दिमाग में यह घोषणा करना कि अल्लाह के सिवा कोई इबादत के लायक नहीं है, और मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उनपर) अल्लाह के पैगम्बर है । यह घोषणा निर्माता (एकेश्वरवाद) की एकता में विश्वास की पुष्टि करती है और यह कि पैगंबर मुहम्मद, (अल्लाह के शांति और आशीर्वाद हो उनपर), अल्लाह के अंतिम प्रेषित, पैगम्बर हैं । इसे शहादा कहा जाता है, यह एक अरबी शब्द है जिसका अर्थ है घोषित सत्य की गवाही देना, उसी पे कायम रहना और स्थापित करना ।

इस्लाम धर्म के पहले स्तंभ, विश्वास को, घोषित करने के बाद, मुसलमान निम्नलिखित स्तम्भों को उस विश्वास के व्यावहारिक प्रतिज्ञान के रूप में पूरा करने के लिए बाध्य है ।

**दूसरा स्तंभ:**

अल्लाह के लिए दिन में पांच बार इन समय में प्रार्थना करना, (अरबी भाषा में जिसे *सलाह* कहते है); भोर में, मध्याह्न के समय, दोपहर के बाद, सूरज निकलने के बाद और रात में । नमाज एक मध्यस्थ के बिना, अल्लाह के साथ एक सीधा संवाद हैं, और इसमें अल्लाह की महिमा और प्रशंसा के साथ-साथ उसके प्रति हमारा सम्मान भी शामिल है और हमारे लिए अल्लाह से दुआ, निवेदन है ।

***धर्म के इस स्तंभ का महत्व:*** *अल्लाह प्रार्थना को एक स्मरण के साथ-साथ उसकी अवज्ञा के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में वर्णित करता है I पवित्र क़ुरान (२० :१४ और २९ :४५) इस प्रकार, नियमित प्रार्थना हमें ईश्वर की चेतना को विकसित करने और बनाए रखने में मदद करती है (अरबी भाषा में इसे तक़्वा कहते है)* ६

**तीसरा स्तंभ:**

गरीबों और जरूरतमंदों को दान देना (अरबी में इसे *ज़कात* कहते है) । हर एक समर्पित मुसलमान को साल (चन्द्र वर्ष) में अपनी आमदनी का २.५ % हिस्सा ग़रीबों को दान में देना चाहिए, वह धन जो किसी ने पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान उपयोग नहीं किया है, जैसे कि धन, चांदी और सोने । ज़कात का भुगतान कृषि उत्पादों, बाजार के शेयरो, इत्यादि पर भी अनिवार्य है ।

***धर्म के इस स्तंभ का महत्व:*** *ज़कात का सिद्धांत यह सुनिश्चित करता है कि धन समाज में साझा किया जाये, जिससे समाज में गरीबी, ईर्ष्या और कड़वाहट को समाप्त किया जा सके । ज़कात 'शब्द का अर्थ है शुद्ध करना', इस प्रकार अल्लाह की कृपा से ज़कात हमारे धन और हमारी आत्माओं को शुद्ध करता है ।*

**चौथा स्तंभ:**

इस्लामी चंद्र कैलेंडर का नौवा महीना, रमजान का पवित्र महीने है, इसमें भोर से सूर्यास्त तक उपवास रखते है । दिन के दौरान एक मुसलमान को खाने, पीने, और यौन गतिविधियों से परहेज करना होता है, साथ ही साथ हर वह चीज़ से दूर रहना है जो इस्लाम धर्म में मना है जैसे कि पीठ पीछे बुराई करना, झूठी गवाही देना, आदि।

***धर्म के इस स्तंभ का महत्व:** उपवास एक अभ्यास है जो किसी की इच्छाशक्ति, धैर्य को मजबूत करने में मदद करता है और अंतत मनुष्य के विश्वास और ईश्वर चेतना (तक़वा) को विकसित करता है । यह हमें उन लोगों को याद दिलाता है जो हम से कम भाग्यशाली हैं; वे लोग जो मुश्किल से एक दिन का भोजन का इंतेज़ाम कर पाते हैं ।*

**पांचवा स्तंभ:**

मक्का की तीर्थयात्रा (अरबी भाषा में हज) जीवन में एक बार उनको करना चाहिए जो शारीरिक और आर्थिक रूप से हज करने में सक्षम हैं।



*मक्का में इब्राहीम का स्थान (मक़ाम इब्राहिम), जहाँ इब्राहिम (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर शांति उस पर) खड़े थे जब काबे का निर्माण काम चल रहा था*

***धर्म के इस स्तंभ का महत्व:** तीर्थयात्रा, हज दुनिया भर के मुसलमानों की एक महान वार्षिक सभा है। यह मानव जाति की एकता, धर्म की एकता; ईश्वर एक है, मानवताएक है और उनका धर्म एक है, का प्रतिज्ञान और प्रदर्शन है । तीर्थयात्रा अल्लाह की पूजा और महिमा करने का एक रूप है, साथ ही पैगंबर इब्राहिम और उनके बेटे इस्माईल (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर) की इबादत और बलिदानों का स्मरण है ।*

***धर्म के इन सिद्धांतों ने भौतिक आवश्यकताओं और भौतिकवाद से मुस्लिम दिल और दिमाग को अलग कर आध्यात्मिक चेतना और विकास की और अग्रसर किया है । दूसरे शब्दों में, वे हमारे अस्तित्व को भौतिक आयाम से हटाकर आध्यात्मिक आयाम की तरफ बढ़ाते हैं, जहां हम निर्माता के प्रति हमारा कर्तव्य और उसके प्रति जवाबदेही और मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी से निरंतर जागरूक रहते है ।***



*ओमान के मस्कत में सुल्तान कबूस ग्रैंड मस्जिद के मीनार का एक दृश्य । बीते समय में, मीनारों से प्रार्थनाओं के लिए आव्हान दिया जाता था । आज वे एक वास्तुशिल्प शैली के रूप में बने हुए हैं जो एक मस्जिद की पहचान करता है ।*

## अल्लाह - रचनाकार की विषेशताएं और गुण

जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति का एक नाम होता है, उसी प्रकार सृष्टिकर्ता और ब्रह्मांड के ईश्वर को उनके के **निजी** नाम “अल्लाह” से जाना जाता है। यह लिंग, बहुवचन या व्युत्पन्न के बिना एक अनूठा नाम है । अल्लाह न तो पुरुष है और न ही स्त्री । वह न तो एक पिता और नाही माँ से उत्पन्न है । वह बिना किसी नकल या प्रतिकृति के है, उसके जैसा कोई नाही उसका कोई जोड़ नाही है । अल्लाह ही एक मात्र, **अल-वाहिद** कहलाने के योग्य है, एक और अकेला । अल्लाह अनोखा है । इस प्रकार:

1. अल्लाह ही के लिए है (i) श्रेष्ठता की अनूठी विशेषताएँ जैसे उसकी स्वतंत्र अस्तित्व, स्व-सहायता, उसकी कोई शुरुआत और कोई अंत नहीं है, इत्यादि (ii) अतुलनीयता के अद्वितीय गुण जिस में शामिल है उसकी प्रकृति और निरपेक्ष क्षमताएं उदाहरण, वह सृष्टि के विपरीत है, वह हमेशा रहने वाला और जीवन देने वाला है, वह सब कुछ सुनने और देखने वाला है और सुनने और देखने की क्षमता प्रदान करने वाला है, वह सर्वशक्तिमान है और अपनी इच्छा को लागु कराने में सक्षम है, इत्यादि । ये सभी विशेषताएँ अद्वितीय हैं और किसी अन्य द्वारा साझा नहीं हैं

2. अल्लाह ही के है सारे खूबसूरत नाम जो उसकी गुणों से उपजा है । इन नामों में बहुत दयालु, बड़ा कृपालु, क्षमाशील, सब जानने वाला और इसी तरह के अन्य नाम शामिल हैं ।

3. अल्लाह की दिव्यता, आधिपत्य और सेवा, भक्ति का अधिकार (अरबी भाषा में *उलूहिय्यह*, *रुबूबिय्यह*, *उबूदिय्यह*) किसी अन्य के साथ साझा नहीं किया जा सकता है ।

4. इस ईश्वरीय गौरव के साथ, अल्लाह नाम का अर्थ है, जिस पर हमारी पूर्ण आज्ञाकारिता और प्रेम है, और जिससे हमारी पूर्ण सुरक्षा और शरण प्राप्त होती है।

तदनुसार, अल्लाह के नाम का अर्थ सही एकेश्वरवाद को परिभाषित करता है । इसके अलावा, अल्लाह के नाम का गहन अर्थ होने से उसके लिए 'ईश्वर' शब्द का वर्णन अपर्याप्त है, लेकिन इस्लामी साहित्य में दोनों शब्दों को अक्सर समानार्थक रूप से उपयोग किया जाता है।

ब्रह्माण्ड और उसमें मौजूद सभी प्राणी के प्रवर्तक और संवाहक होने के नाते अल्लाह के प्रति हमारा विशेस नाता होना चाहिए, हमे उसका आज्ञाकारी होना चाहिए और उसके प्रति हमारी कृतज्ञता की पुष्टि होनी चाहिए । अल्लाह से जुडी प्रकृति, विशेषताओं और नामों को नकारना या उन्हें किसी अन्य व्यक्ति के साथ जोड़ना (जिसे अरबी में शिर्क कहा जाता है) उनके लिए एक घोर अकृतज्ञ व्यव्हार है, और इस प्रकार यह सबसे बड़ा पाप है जिसे अल्लाह कभी क्षमा नहीं करेगा, जब तक कि कोई पश्चाताप न करे । अल्लाह पवित्र कुरान में कहता है (४:४८);

*अल्लाह उस पाप को नहीं माफ़ करता कि उसके साथ किसी की भागीदरी स्थापित की जाए, हाँ उसके सिवा जो गुनाह हो जिसको चाहे क्षमा कर दे और जिसने किसी को अल्लाह का साझेदार बनाया जघन्य पाप करना है।*



*कोर्डोबा का मस्जिद - कैथेड्रल, कोर्डोबा की महान मस्जिद के रूप में भी जाना जाता है और वर्तमान समय, जिसका धार्मिक महत्त्व वाला नाम कैथेड्रल ऑफ द लेडी ऑफ अजमशन, कोर्डोबा के सूबा का कैथोलिक गिरजाघर है । इस संरचना को मुस्लिम वास्तुकला के सबसे निपुण स्मारकों में से एक माना जाता है।*

# पैगंबर मुहम्मद - उनका जीवन और व्यक्तित्व

मुहम्मद, (शांति और अल्लाह का आशीर्वाद उन पर), सभी मानव जाति के लिए अल्लाह के पैगंबर है । पैगंबर मुहम्मद से पहले, अल्लाह ने कई अन्य नबियों जैसे कि नूह, इब्राहिम, मूसा और इसा (अल्लाह एक आशीर्वाद और शांति हो इन सब पर) को भेजा । सभी नबी एक विशिष्ट राष्ट्र और एक विशिष्ट अवधि के लिए भेजे गए थे । मुसलमान अल्लाह के सभी पैगम्बरों को मानते हैं, उनका सम्मान करते हैं । पैगंबर मुहम्मद का मुसलमान सर्वोच्च सम्मान करते है क्योंकि वह पूरी मानवता के लिए भेजे गए पैगंबरों में से अंतिम पैगम्बर हैं और जिन्हे हमेशा के लिए जीवित एक समग्र संदेश के साथ पूरी मानवता के लिए भेजा गया है ।७e

## उनकी वंशावली

पैगंबर मुहम्मद एक अरब थे और इब्राहीम के बेटे इस्माइल (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उनपर) वंशज थे । वे मक्का में प्रमुख कुरैशी जनजाति के सम्माननीय बनी हाशिम कबीले से थे।

## उनका जनम

पैगंबर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर) का जन्म मक्का में ५७० ई में हुआ था, जो पैगम्बर इसा (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर) के लगभग छह शताब्दी बाद था । उनके माता-पिता दोनों महान वंश से थे और संबंधित थे । उनके पिता अब्दुल्ला, अब्दुल-मुत्तलिब के पुत्र, हाशिम के पुत्र, अब्द मनफ के पुत्र, कुसै के पुत्र, किलाब के पुत्र, मुर्राह के पुत्र थे । उनकी माँ आमिनाह, वहाब की पुत्री थी, जो अब्द-मनफ के पुत्र, ज़ुहरा के पुत्र, किलाब के पुत्र, मुर्राह के पुत्र थे।

पैगंबर मुहम्मद के पिता का निधन उनके जन्म से पहले ही हो गया था, और जब मुहम्मद सिर्फ छह साल के थे तब उनकी माँ की मृत्यु हो गई । उनका पालन-पोषण उनके दादा अब्दुल-मुत्तलिब ने किया । दो साल बाद वह अपने चाचा अबू तालिब की देखभाल में आए, जो अब्दुल-मुत्तलिब के निधन के बाद बनी हाशिम कबीले के प्रमुख बन गए थे।

## उनका व्यक्तित्व और चरित्र

पैगंबर बनने से पहले, मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उनपर), मजबूत नैतिक चरित्र के एक सरल और गुणी व्यक्ति थे । वह अशिक्षित थे और उन्होंने कभी मूर्तियों की पूजा नहीं की, जबकी मूर्ति पूजा करना उस समय लोगों की प्रथा थी।



*मुहम्मद, अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उनपर*

उन्हें 'सत्यवादी और विश्वसनीय' व्यक्ति (अरबी में *सादिकुल-अमीन*) के रूप में जाना जाता था, और वह बहुत ईमानदार थे । कई लोगों ने उन्हें व्यापार के लिए या सुरक्षित रखने के लिए अपने संपत्ति और धन सौंपा था।

पैगंबर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर) ने अपने लोगों की देखभाल के लिए, गरीबों और वंचितों की रक्षा और उनकी सहायता के लिए एक गठबंधन बनाया था।

## अवतरण

पैगंबर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उनपर) को मक्का के पास हीरा नाम की गुफा में देवदूत जिब्राइल के माध्यम से अल्लाह ने दिव्या कुरान के पहले श्लोक अवतरित किये थे:

> *पढ़ो! (सुनाओ! या घोषणा करो!) अपने ईश्वर का नाम लेकर जिसने हर (चीज़ को) पैदा किया । उस ने इन्सान को जमे हुए ख़ून से पैदा किया पढ़ो! और तुम्हारा ईश्वर बड़ा उदार है । जिसने क़लम के ज़रिए ज्ञान दिया, उसीने मनुष्य को वह बातें बतायीं जिनको वह नहीं जानता था*
> *(पवित्र क़ुरान ९६: १-५ )*

यह अवतरण ६१० ई में प्राप्त हुआ था जब पैगम्बर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर), ४० वर्ष के थे ।

***यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि यह पहला अवतरण, ज्ञान और विश्वास की घोषणा के आधार के रूप में इंगित करता है, और वास्तव में, विश्वास का आधार है ।***

पैगंबर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर) के जीवन के अगले २३ वर्षों तक देवदूत जिब्राइल के माध्यम से पवित्र क़ुरान के श्लोक अवतरित होते रहे है । पहले १३ वर्षों के दौरान पैगम्बर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर) ने मक्का में इस्लाम के संदेश की घोषणा की, जहां उन्हें और उनके अनुयायियों को बहुत विरोध और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा । लेकिन ६२२ ई में, लगातार बढ़ते उत्पीड़न के कारण, पैगंबर और उनके अनुयायियों को मक्का के उत्तर में लगभग ४०० कि. मी दूर स्थित शहर मदीना में स्थानांतरित होन पड़ा था । शहर मदीना के लोगों ने सम्मान और उच्च उदारता के साथ उनका स्वागत किया और उनकी मेजबानी की । पैगंबर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर) ने अगले १० वर्षों तक मदीना में अल्लाह के संदेश को प्राप्त किया और उसकी घोषणा जारी रखा, और वहां उन्होंने इस्लामि राज्य का गठन किया ।

**पैगंबर मुहम्मद का निधन**

वर्ष ६३२ में, ६३ साल की उम्र में पैगंबर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर) की एक संक्षिप्त बीमारी के बाद मृत्यु हो गई और उन्हें मदीना में उनकी पत्नी आइशा (अल्लाह उनसे राज़ी हो) के घर में दफन कर दिया गया

*इसलिए अल्लाह पर भरोसा रखो; आप (ऐ मुहम्मद) वास्तव में, स्पष्ट सच्चाई पर है (पवित्र क़ुरान २७:७९)*



# पैगंबर की प्रामाणिकता

मानव जाति के इतिहास में, ईश्वर के सभी नबियों की साख, प्रत्यायक पर हमेशा सवाल उठाया गया है और पैगंबर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर) कोई अपवाद नहीं हैं । पवित्र कुरआन हमें सूचित करता है कि ईश्वर के पैगंबरों की साख, प्रत्यायक उनके महान व्यक्तिगत चरित्र और संदेश की सम्मोहक सच्चाई में है जो वे अपने प्रभु से लाते हैं । पैगंबर मुहम्मद के संबंध में, उनकी प्रामाणिकता का समर्थन करने वाले चार तर्क हैं ।

**पहला तर्क**

जैसा कि हमने धारा ४  में देखा है, पैगंबर मुहम्मद बहुत ही उच्च निष्ठा के व्यक्ति थे और अपने लोगों में उनका बहुत सम्मान था । और उन्हें 'सत्यवादी और विश्वसनीय' जैसे उपनामो से भी जाना जाता था । पैगंबर मुहम्मद ने चालीस साल की उम्र में अपने पैगम्बरी लक्ष्य, प्रचार मिशन की शुरुआत की । यह सभी तर्क और उनकी कल्पना को नकारता है, क्यूंकि कि इस तरह के महान चरित्र के व्यक्ति अचानक इस अग्रिम उम्र में झूठे और एक धोखेबाज कैसे बन सकते हैं (अल्लाह की शरण) ।

को यह तर्क दे सकता है कि शायद वह अपनी सामाजिक स्थिति को बढ़ाना चाहते थे । लेकिन वह पहले से ही एक उच्च सम्मानित व्यक्ति थे जो मक्का में कुरैशी जनजाति के सबसे शक्तिशाली और सम्मानित कबीले से थे । वास्तव में, अपने पैगम्बरी मिशन की शुरुआत में, उन्हें इसका प्रचार प्रसार करने से रोकने के लिए अरब कबीलों का नेतृत्व सौपने की पेशकश की गई थी और उन्होंने सपाट रूप से मना कर दिया था।८ यह साबित करता है कि वह किसी भी सामाजिक स्थिति की चाह नहीं कर रहे थे ।

**दूसरा तर्क**

ईश्वर के दूत का समर्थन एक दिव्य संदेश द्वारा किया जाता था जो उनपर अवतरित होता था । पैगंबर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर) पवित्र कुरान द्वारा समर्थित थे । जैसा कि धारा ७ में दर्शाया गया है, कुरान पैगंबर द्वारा नहीं लिखा जा सकता था; क्यूंकि वह अशिक्षित थे यह निश्चित रूप से एक दिव्य अवतरण है । अगर किसी के पास कोई भी धारणा है की क़ुरान पैगंबर ने लिखी है तोह वास्तव में, मानवता को कुरान की खुली चुनौती है

कि वह इसके समान उत्पादन करें, इस तर्क से यह धरना भी गलत साबित हुई । आखिरकार, जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, पैगंबर एक शिक्षित व्यक्ति नहीं थे जो इस तरह की किताब लिख सकते थे । पवित्र कुरआन पैगंबर की प्रामाणिकता का एक जीवित प्रमाण है और वास्तव में, यह पैगंबर द्वारा दावा किया गया एकमात्र चमत्कार है ।९

**तीसरा तर्क**

पैगंबर मुहम्मद ने ऐसा आंदोलन शुरू किया, जिस ने, मानव सभ्यता को इतने व्यापक और तीव्र तरीके से बदल दिया और इतिहास में किसी भी अन्य आंदोलन की तुलना इस आंदोलन से नहीं की जा सकती । इसके अलावा, इस्लाम की तुलना में किसी और धर्म का मानव सभ्यता और विकास पर निरंतर प्रभाव नहीं था । मानव सभ्यता में सकारात्मक और निरंतर परिवर्तन एक ढोंगी द्वारा संचालित आंदोलन से प्राप्त नहीं किया जा सकता था । फिर, ऐसा विचार सभी कारण और तर्क को नकारता है ।

**चौथा तर्क**

पैगंबर मुहम्मद (अल्लाह का अहीरवाद और शांति हो उनपर) सभी प्रमुख धर्मों जैसे यहूदी धर्म, ईसाई धर्म, हिंदू धर्म और बौद्ध धर्म के धर्मग्रंथों में पहले से ही बताया गया है ।

कुरआन में हमें सूचित किया गया है कि पैगंबर मुहम्म (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर ) के बारे में यहूदी और ईसाई, दोनों ही धर्मग्रंथों में भविष्यवाणी की गई है ।

> ***जो लोग पैगम्बर का पालन करते हैं, जो अशिक्षित पैगंबर हैं, जिन्हें वे अपने स्वयं के ग्रंथो में तोरा और इंजील में वर्णित पाते है***
> ***(पवित्र क़ुरान ७:१५७)***

डीयुटेरोनोमि (यहूदी धर्मग्रन्थ) १८:१८ में लिखा है:

> ***मैं मूसा की तरह ही, मूसा के भाइयों के बीच से एक पैगंबर भेजूंगा, और मेरे शब्दों को उनके मुंह में डाल दूंगा, और वह उन सभी से वही बात करेगा जो मैं उसे आज्ञा दूंगा ।***

मुहम्मद को छोड़कर, मूसा के बाद आनेवाला कोई पैगम्बर नहीं है जो इस वचन, शर्त पर पूरा उतरता हो: पहले, यहूदियों के भाई अरब हैं । इसराएल यहूदी इसहाक के वंसज है और अरबी लोग इस्माइल के वंसज है । इसहाक और इस्माइल, इब्राहीम के पुत्र हैं और इसलिए उनके वंशज आपस में भाई हैं ।दूसरे, मुहम्मद मूसा की तरह हैं, जबकि ईसा नहीं हैं: (i) मूसा और मुहम्मद दोनों के माता और पिता थे । ईसा की केवल माँ थी और पिता नहीं था । (ii) मूसा और मुहम्मद दोनों ही स्वाभाविक रूप से अपनी माताओं के गर्भ में थे । ईसा, एक चमत्कार के द्वारा अपनी माँ के गर्भ में धारण किये गए थे । (iii) मूसा और मुहम्मद ने शादी की और उनके बच्चे थे, जबकि ईसा ने शादी नहीं की थी । (iv) मूसा और मुहम्मद अपने लोगों के लिए नए कानून और नियम लाए, जबकि ईसा कोई कानून नहीं लाये थे । (v) मूसा और मुहम्मद दोनों की स्वाभाविक मृत्यु हुई । इस्लामि और ईसाई दोनों मान्यताओं में, ईसा ने इस धरती को प्राकृतिक तरीके से नहीं छोड़ा । तीसरा, जैसा कि हमें पवित्र क़ुरान (५३:३ -४) में सूचित किया गया है, पैगंबर मुहम्मद खुद से नहीं बोलते थे लेकिन उनके शब्द ईश्वर की प्रेरणा, अवतरण थे ।

न्यू टेस्टामेंट (ईसाई धर्मग्रंथ) में जॉन सुसमाचार में लिखा है:

> ***मेरे पास आपसे कहने के लिए अभी भी बहुत कुछ है, लेकिन आप उन्हें अभी सहन नहीं कर सकते । जब वह, जो सत्य की आत्मा है, आयेगा, वह आप सभी को सत्य का मार्गदर्शन करेगा: क्योंकि वह अपनी बात नहीं कहेगा, बल्कि जो भी वह सुनेगा, वही बोलेगा: और वह आने वाली चीजों के बारे में बताएगा । वह मेरा महिमामंडन करेगा, क्योंकि वह मेरी ओर से है कि वह वही प्राप्त करेगा जो वह आपको बताएगा । (जॉन १६:१२-१४)***

ये छंद, श्लोक 'सत्य की आत्मा' की बात करते हैं, जो स्वयं से नहीं बोलेंगे और यह सत्य आत्मा, पवित्र आत्मा नहीं हो सकती, क्योंकि पवित्र आत्मा पहले से ही यीशु के साथ थी (लूक ४:१ और ३:२२, जॉन २०:२२, एक्ट्स २:४, आदि) । इसके अलावा, सत्य की यह आत्मा ईसा की महिमा करेगी । पैगम्बर मुहम्मद के अलावा कोई पैगंबर नहीं आया है जो ईसा के बाद आया हो और ईसा की महिमा की हो, (धारा ११ देखें) । इसमें कोई संदेह नहीं है कि सत्य की आत्मा 'जो ईसा के बाद आने वाली थी वह पैगम्बर मुहम्मद ही हैं, उन सभी पर शांति हो ।



*एशियाई भाग के इस्तांबुल शहर के मिनारो का क्षितिज*

इसके अलावा, बाइबिल में पैगंबर मुहम्मद की भविष्यवाणी है जो इसाएयाह २९:१२, जॉन १४:१६, जॉन १६:७ , मैथ्यू २१:४३ और एक्ट्स ३:२२ में वर्णित है । ध्यान दें कि इन बाइबिल छंदों में वर्णित शब्द 'कॉम्फटर' ग्रीक शब्द 'पैरासेलेटोस' का अनुवाद है । यह शब्द मूल ग्रीक शब्द 'पेरिकिल्टोस' का एक बिगड़ा रूप है, इसका अनुवाद है जिसकी 'प्रशंसा की गई' या अरबी में, 'अहमद' या 'मुहम्मद' ।१०

निष्पक्ष और सावधानीपूर्वक अध्ययन से यह भी पता चलता है कि पैगंबर मुहम्मद का उल्लेख हिंदू के साथ-साथ बौद्ध धर्मग्रंथों में भी अग्रणी है । डॉ वेद प्रकाश उपाध्याय ने उनकी लिखी किताब "हिंदू धर्मग्रंथों में मुहम्मद" में पैगंबर के कई संदर्भों का उल्लेख किया है । हिन्दू ग्रन्थ वेद एक आने वाले ऋषि की बात करते हैं जिसका वर्णन पैगंबर मुहम्मद के लिए उपयुक्त बैठता है । पैगंबर मुहम्मद का वर्णन, जो मूल रूप से संस्कृत भाषा में है, वह यह हैं:

1. *नराशंस:* इसका अनुवाद है जिसकी 'प्रशंसा की गई' । पैगंबर के दोनों नामों, अहमद और मुहम्मद, का अर्थ भी यही है । इसके अलावा, नराशंस: के जन्म का स्थान और गुण पैगंबर मुहम्मद से मेल खाते हैं ।

2. *अंतरिम ऋषि* । पैगंबर मुहम्मद भी समक्ष मानव जाति के लिए अंतिम दूत थे ।

3. *कल्कि अवतार,* अर्थात ऋषि जो अंतिम पीढ़ी के लिए आएंगे । और पैगंबर मुहम्मद ही पूरी मानवता के लिए अंतिम दूत के रूप में भेजे गए थे ।

4. *कौरम,* जिसका अर्थ है एक उत्प्रवासी । पैगंबर मुहम्मद मदीना में एक उत्प्रवासी थे, (धारा ४ देखें) ।

5. उनके पिता का उल्लेख "वैष्णवेश" के रूप में किया गया है जिसका अर्थ है 'ईश्वर का दास' और उनकी माँ का नाम "सुमति" है जिसका अर्थ है 'शांति' । ये दो नाम अरबी में 'अब्दुल्ला' और 'आमना' के अनुरूप हैं, जो पैगंबर के पिता और माता के नाम हैं । ये दो नामों का अरबी अनुवाद 'अब्दुल्ला' और 'आमना' है जो पैगंबर के पिता और माता के नाम हैं ।

6. आने वाले ऋषि का नाम मामहा है। यह एक संस्कृत शब्द नहीं है, बल्कि ऐसे आभास होता है की यह अरबी नाम मुहम्मद का संस्कृत रूप है ।

बौद्ध धर्मग्रंथ में गौतम बुद्ध ने अंतिम बुद्ध या अंतिम ऋषि के आने की भविष्यवाणी दी थी, जिसका नाम मैत्रेय होगा । (कारुस द्वारा लिखित बुद्ध गॉस्पेल, पृष्ठ २१७) मैत्रेय का वर्णन पैगंबर मुहम्मद के वर्णन पर उपयुक्त बैठता है:

1. पैगंबर मुहम्मद अंतिम दूत, परम संत थे ।

2. मैत्रेय का अर्थ है 'दयालु' और पैगंबर मुहम्मद को पवित्र कुरआन (२१:१०७) में दुनिया के सभी लोगों के लिए 'दयालु' वर्णित है ।

3. मैत्रेय में बुद्ध की सभी विशेषताएं होंगी: वह एक सम्मानित परिवार से आएंगे, गुफा में ध्यान करेंगे और देवदूत उनसे मिलने आएंगी, उनके पत्नी और बच्चे होंगे, जीवन यापन के लिए काम करेंगे, और वह अपना सामान्य जीवन पूरा करेंगे, यानी उनका निधन स्वाभाविक होगा । यह सारा विवरण पैगंबर मोहम्मद पर उपयुक्त बैठता है ।

4. मैत्रेय शासक होगा । मुहम्मद साहब न केवल एक पैगंबर थे, बल्कि मुस्लिम राष्ट्र के शासक भी थे ।

5. मैत्रेय पिछले बुद्धों, ऋषियों की बात करेंगे । मुहम्मद ने पिछले दूतों के बारे में विस्तार से बात की थी । पवित्र कुरान में पैगंबर मुहम्मद से पहले आए चौबीस पैगंबरों, दूतों की कहानियों का उल्लेख है ।

6. मैत्रेय का दुनिया में कोई शिक्षक नहीं होगा । पैगंबर मुहम्मद अशिक्षित थे और उनका कोई शिक्षक नहीं था । उसका सारा ज्ञान ईश्वर की और से अवतरण के माध्यम से आया था ।

संक्षेप में, पैगंबर की वास्तविकता उनके महान चरित्र में है, उनके लाये हुए संदेशों में है, उनके द्वारा स्थापित आंदोलन से मानव सभ्यता का निरंतर परिवर्तन हुआ, और उनके आने की भविष्यवाणियाँ सभी प्रमुख धर्मों के धर्मग्रंथों में पाई जाती हैं ।



*मदीना स्थित नबी की मस्जिद (मस्जिद अल-नबावी) । मस्जिद को पैगंबर ने ६२२ ईस्वी में बनाया था, मस्जिद की जगह उनके घर से सटी हुई थी । कई वर्षों के विस्तार के बाद, आज यह दुनिया की सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक है, और मक्का में महान मस्जिद (मस्जिद अल-हरम) के बाद दूसरी सबसे पवित्र मस्जिद है।*

# पवित्र कुरान का इतिहास और संदेश

पवित्र कुरआन एक ऐसा ग्रंथ है जो अल्लाह द्वारा फ़रिश्ते जिब्राइल के माध्यम से पैगंबर मुहम्मद (अल्लाह की शांति और आशीर्वाद हो) पर अवतरित किया गया । यह दुनिया के अंत तक सभी मानवता के लिए अल्लाह की तरफ से अंतिम पवित्र ग्रन्थ है । यह अल्लाह का सन्देश मानव जाती तक पूरा पूरा पहोचने के लिए अवतरित हुआ, और पिछले भेजे गए धार्मिक ग्रंथों की पुष्टि के लिए और पिछले शास्त्रों में किये गए मानव द्वारा परिवर्तनों को सही करेंने के लिए अवतरित हुआ।११

**क़ुरान का अवतरण**

क़ुरआन २३ वर्षों में, ६१० से ६३२ ई तक, कई चरणों में अरबी भाषा में अवतरित हुआ । पैगंबर पर हुए इस क्रमिक अवतरण ने विशिष्ट परिस्थितियों में विश्वासियों को प्रगतिशील मार्गदर्शन दिया । इसने विश्वासियों के जीवन में अल्लाह के कानूनों के प्रभावी आत्मसात और कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया।

**क़ुरान का संकलन और संरक्षण**

जैसे पैगंबर (अल्लाह की शांति और आशीर्वाद) पे क़ुरान के श्लोक अवतरित होते, वह अपने निरिक्षण में, अपने चुने हुए लिपिकारों से उसे लिखवा लेते थे । उसी समय, पैगंबर और उनके कई साथि अवतरित श्लोक को याद कर लिया करते थे । इस तरह, कुरान को पैगंबर के जीवन काल में ही लिख लिया गया था और कई पुरुष और महिला विश्वासियों द्वारा याद भी किया गया था । इस्लाम के इतिहास में किसी भी समय, लाखों मुसलमान हैं जिन्होंने पूरे कुरान को मूल प्रतिशब्द याद है । आज यह अनुमान है की २० करोड़ मुसलमनो को पूरा क़ुरान याद है और कई लाख मुसलमनो को क़ुरान का कुछ हिस्सा याद है।

**क़ुरान के तत्त्व और सामान्य विषय**

कुरआन में ११४ अध्याय हैं । क़ुरान में प्रत्येक अध्याय में छंदों की संख्या भिन्न है, किसी अध्याय में ३ छंद (अध्याय १०३,१०८) तो किसी में २८६ छंद है (अध्याय २)। कुरआन मार्गदर्शन, चेतावनी और खुशखबरी की किताब है, साथ ही पिछले राष्ट्रों और उनके पैगंबरों का वर्णन है । सामान्य तौर पर, इसमें चार विषय शामिल हैं:

**पहला,** यह हमें अल्लाह के बारे में, उसका स्वभाव और विषेशताओं के बारे में बताता है। उदाहरण के लिए, हमने इस पुस्तक के खंड २ में अध्याय ११२ में अल्लाह की एकताई (*तौहीद*) और अनूठी विशेषताओं का वर्णन करते हुए देखा है जो किसी अन्य द्वारा साझा नहीं हैं। नीचे दिया गया छंद, जिसे 'सिंहासन का छंद' (अरबी भाषा में *आयतुल कुरसी*) के रूप में जाना जाता है, और इस में अल्लाह की विशेषताओं का वर्णन है;



*अल्लाह: हमेशा बाकि रहने वाला, पूरे ब्रह्मांड का निर्वाहक; कोई ईश्वर नहीं है उसके सिवा। न उसको ऊंघ आती है और न ही नींद। जो कुछ आसमानों में है और जो कुछ ज़मीन में है सब उसी का है। कौन है जो बगैर उसकी इजाज़त के उसके पास किसी की सिफ़ारिश करे सके। वो उसे भी जनता है जो लोगों के सामने है और उसे भी जो उन से छुपा है। लोग उसके ज्ञान में से किसी चीज़ को भी नहीं समझ सकते सिवाए उन बातों का ज्ञान जो खुद अल्लाह देना चाहे। उसकी (हुकूमत) की कुर्सी, सिंहासन ज़मीन और असमान को घेरे हुए है जिसकी सुरक्षा उसके लिए कठिन नहीं। वह अकेला, सर्वोच्च और ऊँचे मरतबा वाला है। (पवित्र क़ुरान २:२५५)*

**दूसरे,** यह अल्लाह के साथ हमारे संबंधों का वर्णन करता है; क्यों उसने हमें बनाया है और हमारा उसके प्रति क्या कर्तव्य है । उदाहरण के लिए, अल्लाह पवित्र कुरान में कहता है (५१:५६):

*मैंने इंसान और जिनो को केवल अपनी इबादत (भक्ति) के लिए बनाया है ।*

यहाँ भक्ति का अर्थ है सृष्टिकर्ता की सेवा करना और उनकी आज्ञा के अनुसार जीवन व्यतीत करना । फिर पवित्र कुरआन ईश्वर की बाकी रचनाओं के साथ हमारे संबंधों का वर्णन करता है; जैसे फ़रिश्ते, जिन्नात, इंसान, जानवर, और बाकी भौतिक दुनिया; और हमारे अस्तित्व के साथ उनकी प्रासंगिकता और सहभागिता क्या है ।१२

**तीसरा,** यह कानूनों और निर्देशों के रूप में मार्गदर्शन देता है, नैतिकता और अच्छे जीवन स्तर को निर्धारित करता है: हमें किस तरह अल्लाह की इबादत करनी चाहिए और कैसे हमें अपने जीवन का आचरण करना चाहिए । यह उन लोगों के लिए अनन्त परमानंद का वादा करता है जो मार्गदर्शन को स्वीकार करते हैं और जो मार्गदर्शन को अस्वीकारते हैं उनके लिए अनन्त उत्पीड़ा हैं ।१३

**अंत में:** कुरआन हमें बताता है कि सभी राष्ट्रों के मार्गदर्शन के लिए नबि और पैगम्बर भेजे गए थे । उदाहरण के लिए, अल्लाह पवित्र कुरान में कहता है (१०: ४७),

*हर युग के लोगों के लिए एक रसूल भेजा गया है फिर जब उनका रसूल (हमारे पास) आएगा तो उनके बीच इन्साफ़ के साथ फैसला कर दिया जाएगा और उन पर ज़रा भी ज़ुल्म न किया जाएगा।*

इस प्रकार, मानवता के लिए एक सबक के रूप में पिछले राष्ट्रों के साथ अल्लाह ने कैसा फैसला किया सब पवित्र कुरान में वर्णित है । उदाहरण के लिए, यह हमें पैगंबर नूह का अपने लोगों के साथ संघर्ष और उसके बाद आए बाढ़ के बारे में बताता है । यह हमें पैगंबर मूसा का अपने लोगो और फिरौन के साथ के संघर्ष के बारे में बताता है । फिर सबसे "अच्छी कहानी" पैगंबर युसूफ के जीवन के बारे में बताता है । कुल मिलाकर, कुरआन हजारों में से २५ पैगंबरों की कहानियां सुनाता है जो अल्लाह ने अलग अलग युग में मानव जाति के लिए भेजे थे ।१४



*इस्लाम में कुरान को पढ़ना भी अल्लाह की इबादत है ।इस प्रकार, कुरआन आज दुनिया में सबसे अधिक पढ़ी जाने वाली पुस्तक है ।*

## आधुनिक विज्ञान के साथ कुरान की सुसंगतता

चौदह शताब्दियों पहले कुरआन अवतरित हुआ था । फिर भी, इसमें हमें कई वैज्ञानिक तथ्य मिलते हैं जो आधुनिक विज्ञान ने हाल के दिनों में ही खोजे थे । ये तथ्य प्राकृतिक विज्ञानों, खगोल विज्ञान, भूविज्ञान, भौतिकी, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणीशास्त्र और अन्य तथ्य के बारे में बताते है । उदाहरण के लिए ।

**ब्रह्मांड का निर्माण**

कुरान (२१:३०) में, अल्लाह कहते है:

> *क्या अविश्वाशी लोगों ने इस बात पर ग़ौर नहीं किया कि आसमान और ज़मीन दोनों चिपके (बन्द) थे तो हमने दोनों को खोल दिया और हम ही ने जानदार चीज़ को पानी से पैदा किया I इस पर भी ये लोग ईमान न लाएँगे?*

इसके अलावा, क़ुरान के अध्याय ५१ श्लोक ४७ में अल्लाह कहते हैं:

> *आकाश, हमने इसे अपनी शक्ति से बनाया है । निश्चित रूप से हम इसका विस्तार कर रहे हैं (या इसकी विशालता0020बढ़ा रहे हैं) ।*

ये छंद आधुनिक ज्ञान के अनुरूप हैं कि ब्रह्मांड एक गैसीय इकाई के रूप में शुरू हुआ, बाद में विस्फोट हुआ और आकाशगंगाओं का रूप लिया । इसे बिग बैंग थ्योरी (सिद्धांत) के रूप में जाना जाता है । इसके अलावा, आधुनिक विज्ञान यह पुष्टि करता है कि उस पहले विस्फोट के बाद से हमारा ब्रह्मांड का अभी भी विस्तार हो रहा है ।



*एंड्रोमेडा आकाशगंगा, अल्लाह के अरबों निर्माणित आकाशगंगाओं में से एक । इसकी खोज ९६४ ई में फारसी खगोलशास्त्री अब्द अल-रहमान अल-सूफी ने की थी ।*

## भ्रूण का विकास

भ्रूण के चरणों में बच्चे का विकास कुरान में कई स्थानों पर वर्णित है, उदाहरण के लिए;

> *और हमने पैदा किया है मनुष्य को गीली मिट्टी के सार से । फिर हमने उसे वीर्य बनाकर रख दिया एक सुरक्षित स्थान (गर्भाशय) में; फिर बदल दिया वीर्य को जमे हुए रक्त में, फिर हमने उसे मांस का लोथड़ा बना दिया, फिर हमने लोथड़े में हड्डियाँ बनायीं, फिर हमने पहना दिया हड्डियों को मांस, फिर उसे एक अन्य रूप में उत्पन्न कर दिया । तो शुभ है अल्लाह, जो सबसे अच्छी उत्पत्ति करने वाला है । (कुरान २३:१२-१४)*

ये छंद अरबी शब्दों में सटीक रूप से, गर्भाशय में भ्रूण स्थापना से उसके विकास तक का सही वर्णन करते हैं । सबसे पहले, निषेचित डिंब, जमे रक्त के थक्के के रूप में विकसित होता है (अरबी में अलक़), और फिर यह एक गांठ, लोथड़ा का रूप ले लेता है (अरबी में मुदघाह) । उसके बाद, गांठ में हड्डियां विकसित होने लगती हैं और अंत में, हड्डियों के आसपास मांस बढ़ने लगता है । इस तरह से कुरान बच्चे के विकास का वर्णन करता है ।

कुरान के श्लोक में इस्तेमाल किए गए दो अरबी शब्द, *अलक़* और *मुदघाह* उनकी उनकी परिशुद्धता में बहुत महत्वपूर्ण हैं ।

रक्त के जमाव के अलावा, *अलक़* का अर्थ है कुछ ऐसा जो चिपकता है' जोंक जैसा पदार्थ' । यदि हम प्रारंभिक अवस्था में भ्रूण की जांच करते हैं, तो हम पाते हैं कि यह गर्भाशय की दीवार से चिपकता है, यह तैरता नहीं है। और यह एक जोंक की तरह दिखता है । जोंक एक ऐसा प्राणी है जो त्वचा पर चिपक जाता है और इंसान या जानवर का खून चूस लेता है । नाल के माध्यम से भ्रूण को मां से रक्त की आपूर्ति भी हो जाती है ।

*अलक़* फिर *मुदघाह* में विकसित होता है, जिसका अर्थ है 'मांस का चबाया हुआ लोथड़ा' । यदि हम अलक़ के बाद के चरण में भ्रूण की जांच करते हैं, तो हम पाते हैं कि यह दांतों के निशान के साथ एक चबाये हुए चुइंग गम जैसा दिखता है ।

यह ७ सदी में कुरान द्वारा  दिए गए भ्रूण के विकास का एक अद्भुत सचित्र वर्णन है। और वैज्ञानिको ने १९  वें सदी में,  इमेजिंग उपकरणों के आविष्कार के बाद ही, भ्रूण आकृतियों की पुष्टि कर पाए हैं।

कुरान में उल्लेखित एक और दिलचस्प बात यह है कि भ्रूण को तीन अंधकार के परदे द्वारा संरक्षित किया जाता है । कुरान ३९:६ की आयत में अल्लाह कहता है:

> *वह तुम्हे, तुम्हारी माताओं के गर्भ में, एक के बाद एक चरणों में, तीन अंधकार के पर्दों में बनाता है ।*

आधुनिक तकनीक के साथ, अब हम जानते हैं कि भ्रूण को पहले मां की पेट की दीवार, दूसरे गर्भाशय की दीवार, और तीसरे में एमिनो-कोरियोनिक झिल्ली द्वारा संरक्षित किया जाता है । ये वही तीन अंधकार वेक परदे हैं जिसके बारे में सटीकता से पवित्र क़ुरान में उल्लेख है ।






*बाईं ओर की तस्वीर "मुदघाह" अवस्था में भ्रूण को दिखाती है जो चबाने वाली गम की तरह दिखता है । दाईं ओर की तस्वीर में भ्रूण गर्भ की दीवार से चिपकी हुई दिखाई देती है और तीन परतों द्वारा संरक्षित भी  है ।*

**पहाड़ों के कार्य**

हम पहाड़ों को पृथ्वी की सतह पर बहुत प्रभावशाली और मनोरम दृश्यों के रूप में देखते हैं । लेकिन वास्तव में, वे पृथ्वी की तेह की स्थिरता को बनाए रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । पृथ्वी की तेह के नीचे एक परत होती है, जो कम घनी होती है, बल्कि द्रवित होती है, इसलिए तेह को इसे स्थिर रखने के लिए कुछ चाहिए । वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि पृथ्वी की तेह को स्थिर रखने वाले पहाड़ ही हैं जिसके शिखर पृथ्वी की तेह के ऊपर और जेड पृथ्वी की तेह के नीचे । इस प्रकार, पहाड़ धरती के खूंटे की तरह काम करते हैं ।

अल्लाह कुरआन में कहता है (२१:३१):

> *और हम ही ने ज़मीन पर भारी पहाड़ बनाए ताकि ज़मीन लोगों को लेकर किसी तरफ झुक न पड़े।*

और अध्याय ७८ श्लोक ६-७ में अल्लाह कहता है:

> *क्या हमने ज़मीन को बिछौना और पहाड़ों को (ज़मीन) का खूंटा नहीं बनाया?*

पहाड़ों के कार्य पर ये क़ुरान की, आधुनिक विज्ञानं, पूरी तरह से पुस्टि करता है । यह विचार है कि पहाड़ों की जड़ें है १८६५ में वर्गीकृत की गई थीं और यह ज्ञान कि ये जड़ें पृथ्वी की परत को स्थिर करती हैं २०वीं शताब्दी के अंत में विकसित हुई है ।१५




*चित्र में पृथ्वी मंडप में एक गहरी जड़ के साथ पहाड़ को दिखाया गया है ।*

## जल जीवन है

यह सामान्य ज्ञान है कि पानी जीवन का स्रोत है, हालांकि, कुरान स्पष्ट रूप से इससे आगे बढ़के के यह बता है की वास्तव में हर जीवित चीज पानी से बनी है । ऊपर उद्धृत २१:३० आयात के अलावा, हम आयात २५:५४ में पढ़ते हैं,

> *और वही (अल्लाह) है जिसने पानी (मनी) से आदमी को पैदा किया फिर उसको ख़ानदान और सुसराल वाला बनाया और तुम्हारा ईश्वर सर्वशक्तिमान है ।*

यह अब एक अच्छी तरह से स्थापित तथ्य है कि एक जीवित कोशिका ८०% पानी से बना है और सभी जीवित जीवों में कम से कम ५०% पानी होता है । इसके अलावा, जैसा कि हम सभी जानते हैं, सभी जीवित चीजों को अपने अस्तित्व के लिए पानी की आवश्यकता होती है ।



*जल ही जीवन है: बदलते वैश्विक मौसम का मिजाज और बारिश की कमी के परिणामस्वरूप दुनिया के कई हिस्सों में पशु और पौधों का जीवन बर्बाद हो रहा है ।*

उपरोक्त वैज्ञानिक कथन कुरान में १४०० वर्ष पहले सामने आए थे जब लोग खगोल विज्ञान, भौतिकी या जीव विज्ञान के बारे में बहुत कम जानते थे । वे आधुनिक विज्ञान के साथ पूरी तरह से सहमत हैं, हालांकि उनमें से कई क़ुरान के आयात की पुष्टि वैज्ञानिक ज्ञान में प्रगति के बाद ही पिछली शताब्दी में हुई हैं ।१६

# कुरान की प्रामाणिकता

क्या वास्तव में क़ुरान ईश्वर ही की तरफ से एक अवतरण है? यह एक जायज़ सवाल है क्योंकि आज दुनिया में कई ऐसे धर्मग्रंथ हैं जो एक-दूसरे का खंडन करते हैं और फिर भी ये सभी ईश्वर से होने का दावा करते हैं । इस प्रश्न के विस्तार के रूप में कुछ लोग पूछ सकते हैं: हम यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि कुरान को युगों में नहीं बदला गया है?

इन सवालों के जवाब कुरआन में ही मौजूद सच्चाई के तीन मानदंड से मिलते हैं ।

**पहला मानदंड**

ईश्वर से एक सच्चा अवतरण पूरी तरह से सुसंगत है और किसी भी विरोधाभासों से मुक्त है । अल्लाह कुरआन (४:८२) में कहता है:

> *तो क्या ये लोग क़ुरान में भी विचार नहीं करते और (ये नहीं ख़्याल करते कि) अगर ईश्वर के सिवा किसी और की तरफ़ से (आया) होता तो ज़रूर उसमें बड़ा अंतर और असहमति पाते ।*

कोई भी शास्त्र जिसमें विरोधाभास या गलती है, वह ईश्वर से नहीं हो सकता । कुरआन किसी भी असहमति या विरोधाभासों से मुक्त है । यह इस बात की भी पुष्टि करता है कि यह किसी भी मानव द्वारा युगों से नहीं बदला गया है । कुरान के कुछ आलोचकों द्वारा विरोधाभास हवाला दिया जाता है, उसका कारन उनकी कुरान की अरबी भाषा के सही ज्ञान का आभाव और वह प्रसंग जिसमें विशेष श्लोक का अवतरण हुआ उसके ज्ञान की कमी है ।

**दूसरा मानदंड**

ईश्वर से एक सच्चा अवतरण, मानव क्षमता को व्यापक रूप से कानून, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के साथ-साथ तर्क की सूझ, वक्तृत्व और शैली के बल पर मानवीय जरूरतों को पूरा करने में, पार कर जाता है । इस संबंध में, अल्लाह ने मानवता को कुरान के समान एक दूसरी पुस्तक का भी उत्पादन करने के लिए चुनौती दी है । श्लोक २:२३-२४ में, अल्लाह अविश्वासियों को चुनौती देता है:

*और अगर तुम लोग इस क़ुरान से जो हमने अपने बन्दे (मोहम्मद) पर अवतरित किया है संदेह में पड़े हो तो अगर तुम सच्चे हो तो तुम (भी) एक सूरा, श्लोक बना लाओ और ईश्वर के सिवा जो भी तुम्हारे सहयोगी हों उनको भी बुला लो बस अगर तुम ये नहीं कर सकते हो और हरगिज़ नहीं कर सकोगे तो उस आग से डरो जिसके ईंधन आदमी और पत्थर होंगे और वह अविश्वासियों के लिए तैयार की गई है ।*

इसी चुनौती को अल्लाह १७:८८ में दोहराता है :

*कह दो कि अगर सारी दुनिया के आदमी और जिन इस बात पर एकत्र हो कि उस क़ुरान जैसा दूसरा बनालाये तो वे इसके समान नहीं ला सकते भले ही वे एक दूसरे का समर्थन करें ।*

यह केवल सर्वज्ञ निर्माता है जो इस चुनौती का सामना कर सकता है । कोई भी इंसान एक किताब लिखने के बाद यह दावा नहीं कर सकता है कि कोई मनुष्य अभी या भविष्य में इसके लिखी किताब के सामान किताब लिखने में सक्षम नहीं है । इसके अलावा, अगर कुरआन को इंसानों ने बदल दिया होता, तो लोग उसकी तरह दिखने वाली किताब तैयार कर सकते थे । पवित्र क़ुरान की यह चुनौती आज भी वैसी ही खड़ी है जैसी पिछले १४०० वर्षों से थी ।

**तीसरा मानदंड**

परमेश्वर की तरफ से आये अवतरण को समय की चुनौतियों का सामना करना और प्रासंगिक रहना चाहिए क्यूंकि मानव ज्ञान बढ़ता है और मानव की ज़रूरतें बदलती और विकसित होती हैं । क़ुरान के क़ानून और न्याय के सिद्धांत, अर्थशास्त्र, सामाजिक व्यवस्था और नैतिक मूल्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने कि १४०० वर्ष पहले थे जब क़ुरान अवतरित हुआ था । इसके अलावा, जैसा कि धारा ६ में दिखाया गया है, कुरान प्राकृतिक विज्ञानं में आधुनिक ज्ञान के सभी पहलुओं के साथ पूरी तरह से अनुकूल है ।

यदि कुरआन ईश्वर के अलावा से आया होता होता या उसे बदल दिया गया होता, तो उसकी प्रासंगिकता युगों में आपत्ति में पड़ जाती । कुरआन मानव ज्ञान और आवश्यकताओं के सभी पहलुओं में हमेशा के लिए प्रासंगिक है ।

ये मानदंड, और इसके साथ कुरान में शेष अवतरण, सभी मानवीय आवश्यकताओं और मार्गदर्शन पर गहन और दूरगामी प्रभाव डालते हैं, और कुरान की चमत्कारी प्रकृति को प्रमाणित और प्रदर्शित करते हैं । क़ुरान वास्तव में, पैगंबर मुहम्मद (शांति और अल्लाह का आशीर्वाद उन पर हो) द्वारा दावा किया गया एकमात्र चमत्कार है, हालाँकि उन्होंने अपने मिशन के दौरान अल्लाह की इच्छा से कई अन्य चमत्कार किए ।




*(बाएं) से क़ुरान के अध्याय ७ के श्लोक ८६-८७ की मूल लिपि और (दाएं) से बाद में लिखने गए श्लोक । पैगंबर के समय के दौरान, अरबी लेखन में बहुत ही मूल प्रतीकों का समावेश होता था जिसमें कोई स्वर या वर्णनात्मक चिह्न नहीं होता (अरबी में ताशकिल और इजम) था । जैसे-जैसे इस्लाम गैर-अरबी भाषी लोगों में फैलता गया, कुरान को ग़लत पढ़ने का ढंग और उच्चारण स्पष्ट होने लगे । इस खतरे का मुकाबला करने के लिए पैगंबर की मृत्यु के लगभग छह दशक बाद क़ुरान में स्वर और विशेषांक पेश किए गए थे ।*

# पैगंबर की रवायतें

पैगंबर की रवायतें (अरबी भाषा में *सुन्नत* या *सुन्नाह*) पैगंबर के उपदेश और जीवन उदाहरण हैं जो दैवीय रूप से प्रेरित हैं (क़ुरान ५३:३) और उसके साथियों द्वारा प्रेषित किया गया । वे कुरान से अलग हैं, और वे कुरान के बाद इस्लामी शिक्षाओं के दूसरे प्राथमिक स्रोत हैं ।

कुरआन के विपरीत, जो पैगंबर के जीवनकाल के दौरान ही अवतरित, दर्ज और संकलित हुआ था, पैगम्बर की रवायतों को उनकी मृत्यु के बाद संकलित किया गया ६३२ ई । पैगंबर की मृत्यु के तुरंत बाद ही उनकी रवायतों को दर्ज करना शुरू करदिया गया था लेकिन ८ वीं शताब्दी के मध्य तक उनका संकलन शुरू हुआ और ९ वीं शताब्दी तक फला-फूला । इस प्रकार, उदाहरण के लिए, मसनद अर-रबी 'बिन हबीब ८ वीं शताब्दी के अंत में संकलित किया गया था । और साहिह अल बुखारी और साहिह मुस्लिम ९ वीं शताब्दी में संकलित किए गए थे ।

जैसा पैगम्बर की रवायतें समय के साथ साथ लोगों की एक श्रृंखला द्वारा सुनाई और प्रसारित की जानी लगी, रवायतों को प्रमाणित करने के लिए एक विस्तृत पद्धति की कार्यप्रणाली की भी खोज हुई । कार्यप्रणाली ने कथाकारों की श्रृंखला की छानबीन की, रवायतों के तत्वों की छानबीन की और वह संदर्भ जिसमें विशेष रवायतों के होने की सूचना दी गई थी । इस पद्धति के माध्यम से, रवायतों को प्रामाणिकता की कई श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया । प्रमाणीकरण की यह पद्धति (अरबी में *इसनद*) का उपयोग आज भी जाली रवायतों को निर्धारित करने के लिए किया जाता है जिसका सर्पण मूल संग्रह में हो सकता है ।

पैगंबर की रवायतें इस्लामी मार्गदर्शन और उसके कानूनोंके निर्माण में निम्नलिखित भूमिका को पूरा करती हैं:

1. कुरआन की आयात के उद्देश्यों को स्पष्ट करती है करें और उनके अर्थों पर विस्तृत चर्चा करती है ।

2. वे कुरान के बाद इस्लामी कानून के गठन का दूसरा प्राथमिक स्रोत हैं; और इस्लामी नियम के सम्बन्ध में, रवायतों के हिसाब से किस की अनुमति है और क्या वर्जित है इसको कुरआन के समान दर्जा प्राप्त है I

3. कुरानिक निषेधाज्ञा को मजबूती से लागू करता है, और इसके अधिकारों की गवाही भी देता है I

4. कुरआन में बताए गए इबादत के तरीकों के बारे में विस्तार से बताता है ।

5. कुरान में निहित नैतिक मूल्यों के अनुप्रयोग के बारे में समझता और उद्धरण के माध्यम से बताता है ।

पैगंबर की रवायतों के तीन उदाहरण निम्नलिखित हैं ।

*अबू उबैदा ने बयान कि जाबिर बिन ज़ैद ने इब्न अब्बास से सुना (अल्लाह उनसे राज़ी हुआ) कि पैगंबर, (शांति और अल्लाह का आशीर्वाद हो उन पर) ने कहा; "जो कोई भी हमें ठगता है, वह हम मेसे नहीं, और जो कोई भी बच्चो के लिए कोई दया नहीं दिखाता है और बुजुर्गों के लिए कोई सम्मान नहीं रखता वह हम मेसे नहीं" ।*

*(मुसनद अर-रबी 'बिन हबीब, हदीस नंबर ५८२)*

*अबू अल-मिनहाल ने कहा, "मैंने अल-बरा बिन अज़ीब और ज़ैद बिन अर्कम से धन के आदान प्रदान के बारे में पूछा । उन्होंने उत्तर दिया, हम अल्लाह के नबी (अल्लाह की शांति और आशीर्वाद उस पर हो) के समय में व्यापारी थे, और हमने उनसे धन विनिमय के बारे में पूछा । उन्होंने जवाब दिया, 'अगर यह एक हाथ से लेना और एक हाथ से देना हो तो इसमें कोई बुराई नहीं है, अन्यथा यह स्वीकार्य नहीं है ।*

*(सही अल बुखारी, बिक्री और व्यापार की पुस्तक, हदीस संख्या २७६)*

*अबू हुरैरा ने कहा कि अल्लाह के रसूल (अल्लाह की शांति और आशीर्वाद उस पर हो) ने फ़रमाया है एक महिला की शादी तब तक नहीं होनी चाहिए जब तक कि उसकी सलाह न ली जाए और एक कुंवारी लड़की की शादी तब तक नहीं होनी चाहिए जब तक उसकी अनुमति नहीं लेली जाती । उन्होंने अल्लाह के पैगंबर (अल्लाह की शांति और आशीर्वाद उस पर हो) से पूछा कि, उसकी (कुंवारी की) सहमति कैसे प्राप्त की जाए? 'उन्होंने कहा, 'उसका चुप रहना'*

*(सही मुस्लिम, विवाह की पुस्तक, पुस्तक ००8, संख्या ३३०३)*

पैगंबर की कई रवायतों में से ये कुछ उदाहरण हैं जो कानून के बारे में विस्तार से बताते हैं और सामाजिक मानदंडों पर मार्गदर्शन देते हैं ।

# मृत्यु के बाद का जीवन

मृत्यु अनिवार्य है और इसलिए सबको परवर्ती जीवन की वास्तविकता का सामना करना है । कोई इसे पूरी तरह से नकार सकता है, यानी इस धारणा को सत्य मनाता है कि मृत्यु के बाद कुछ भी नहीं है और दूसरे इसे अनदेखा कर सकता है और सर्वश्रेष्ठ पाने की आशा कर सकता है लेकिन दोनों ही स्थिति में लोग की धरना एक शक्तिशाली जुआ पे दांव लगाने जैसा है क्योंकि जीवन का अर्थ है अनन्त अस्तित्व, जो बहुत गंभीर मामला है । सबसे समझदारी वाली बात यह है कि इसके बारे में पूर्वानुमान करना और इसके बारे में कुछ करना है । हमारे अनन्त अस्तित्व के लिए हमारी तैयारी असल में यही धर्म है ।

### मृत्यु के बाद का जीवन का प्रमाण

धर्म में विश्वास के अलावा, कारण और सहजबुद्धी के माध्यम से जीवन के बाद की वास्तविकता का अनुमान लगाया जा सकता है । निम्नलिखित तर्कों पर विचार करें:

**पहला तर्क:** ईश्वर की रचनाओं में से मनुष्य के पास बुद्धि, तर्क की शक्ति और इच्छाशक्ति की स्वतंत्रता है । जो मनुष्य को आध्यात्मिक, भौतिक और भौतिक क्षमता प्रदान करती है । ये विशेषताएं इसे अन्य सभी निर्माणों से सर्वश्रेष्ठ बनती हैं । ये विशेषताएं इसे अन्य सभी निर्माणों से सर्वश्रेष्ठ बनती है । इस कारण से, आदम के निर्माण के बाद देवदूतों को, आदम के इस महान क्षमता की मान्यता में सजदा करने की आज्ञा दी थी।१७ इस प्रकार, मनुष्य ने ब्रह्मांड की गहराई की जांच की है, वास्तविक समय में दुनिया भर में संचार कर सकता है, आनुवंशिक रूप से संशोधित भोजन का उत्पादन कर सकता है, कृत्रिम बुद्धि का आविष्कार किया है और जैसे मानव ज्ञान का विस्तार और विकास होगा भविष्य में ऐसे बहुत से कारनामे निर्मित होंगे । अब, **मनुष्य** नाम की यह महान रचना किसी दिव्य उद्देश्य और किसी दिव्य योजना के बिना नहीं बनाई गयी है; हम जीते हैं और हम मर जाते हैं और बस यही है । यह वास्तव वही धरना है जो पुराने दौर के लोगों का अनुमान था और कुरआन हमें सूचित करता है:

> ***वे कहते हैं, "वह तो बस हमारा सांसारिक जीवन ही है । यहीं हम मरते और जीते हैं । हमें तो  बस काल (समय) ही विनष्ट करता है । सत्य यह के, उनके पास इसका कोई ज्ञान नहीं । वे तो बस अटकलें ही लगाते हैं । (क़ुरान ४५:२४)***

दरअसल, यह धारणा कि मृत्यु के बाद कुछ भी नहीं है, केवल एक अनुमान है!!

**दूसरा तर्क:** ब्रह्मांड की प्रत्येक व्यवस्था परमेश्वर के बोध और विधान की परम उत्कृष्टता की ओर इंगित करती है। मनुष्य सदैव इस संसार में अधिक संतोषजनक जीवन की आकांक्षा के साथ जीता है, एक ऐसा जीवन जो रोग-रहित हो और अमरत्व से परिपूर्ण हो; कोई भी रोग, दरिद्रता या मृत्यु की कामना नहीं करता। यह मानवीय आकांक्षा इस भौतिक संसार में हमारे अस्तित्व की नश्वरता और अपूर्णता को दर्शाती है। मनुष्य ऐसी किसी वस्तु या व्यवस्था की कामना नहीं कर सकता जो अस्तित्व में ही न हो, इसलिए जिस पूर्णता की मनुष्य अभिलाषा करता है, उसका अस्तित्व अवश्य होना चाहिए। इस परम-पूर्णता वास्तव में पारलौकिक जीवन में ही प्राप्त होगी, जहाँ ईश्वरीय सृष्टि की परम-पूर्णता साकार होगी। इस संसार में हमारा अस्तित्व, जो अपूर्ण और अस्थायी प्रकृति का है, हमें उस अगले जीवन के लिए तैयार करने हेतु निमित्त है जो शाश्वत और पूर्ण है, और यही हमारी सृष्टि की ईश्वरीय योजना है।

**तीसरा तर्क:** मनुष्य को पसंद, इच्छा की स्वतंत्रता के साथ बनाया गया है; हम में से कुछ धर्मीक हो सकते हैं और कुछ दुष्ट और कपटी हो सकते हैं । दुष्टों ने साथी मनुष्यों पर बहुत अधिक कष्ट किये है और विभिन्न कारणों से इन्साफ की पकड़ से दूर रहे; जैसे उनका शक्तिशैली और प्रभावशैली होना, मानव कानूनों में कमजोरियां, कानूनी प्रणालियों में भ्रष्टाचार, इत्यादि । और कुछ लोग इतनी तीव्र अपराध करते हैं जिसे कोई भी मानवीय न्याय कभी दंडित नहीं कर सकता है । उदाहरण के लिए एक व्यक्ति ने एक लाख लोगों की अन्यायपूर्ण हत्या की; ऐसे व्यक्ति को वास्तव में किस प्रकार की सजा दी जा सकती है । इस दुनिया में अंतिम न्याय कभी पूरा नहीं हो सकता । सच्चे न्याय के लिए हमारी आशा यहाँ के जीवन के बाद ही पूरी हो सकती है । वास्तव में, यह पूरी तरह से अन्यायपूर्ण होगा अगर यहाँ के बाद का जीवन ना हो ।

**चौथा तर्क:** जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, मनुष्य को वास्तविकता की प्राकृतिक मान्यता (अरबी में फ़ितरा) के साथ बनाया गया है। इस प्रकार, हम पाते हैं कि पूरे मानव इतिहास में अधिकांश मानव जाति पुनर्जन्म में विश्वास करती है। उदाहरण के लिए , प्राचीन सभ्यताओं के ऐतिहासिक रिकॉर्ड बताते हैं कि लोगों ने अपने आप को अपनी मृत्यु के बाद

एक निरंतर अस्तित्व के बदलावके लिए तैयार किया। उन्होंने पूर्णतः अच्छी तरह से पहचाना कि मृत्यु एक अलग ही तरह की, दूसरी नई दुनिया में आत्मा के अस्तित्व के पुनरारंभ की ओर ले जाती है।

**पांचवा तर्क:** कुरान विस्तृत करता है: (i) प्राकृतिक विज्ञानों में कई घटनाएं (धारा ६ देखें), (ii) ऐतिहासिक घटनाएं, (iii) कानून और नैतिक मानकों ने सकारात्मक रूप से मानव सभ्यता में बदलाव और इनका मानवता पर गहरा प्रभाव आज तक जारी है । आज तक इनमें से कोई भी विवरण गलत या अमान्य साबित नहीं हुआ है । कुरान द्वारा स्थापित सत्यता और वैधता को ध्यान में रखते हुए, कोई भी व्यक्ति की जीवन के बाद के वास्तविकता पर सवाल क्यों उठाएगा जो कुरान इतने सशक्त रूप से बताता है?

उपर्युक्त तर्कों के आधार पर किसी को भी यह विश्वास होना चाहिए कि मौत के बाद का जीवन केवल एक वास्तविकता नहीं है, बल्कि एक आवश्यकता है । इसके अलावा, ऐसे कौन से तर्क हैं जो इसके गैर-अस्तित्व का या न होने का सुझाव देते हैं?

**मौत के बाद वाले जीवन के बारे में इस्लामी शिक्षा**

मानव आत्मा अपने शाश्वत अस्तित्व में विभिन्न चरणोंसे गुजरती है । इस पृथ्वी पर हमारा जीवन हमारे अस्तित्व के अगले चरणों की तैयारी है । मृत्यु हमारे अस्तित्व के अगले चरण की शुरुआत है जो मृत्यु और पुनरुत्थान के बीच मध्यवर्ती स्थिति है । इस चरण को अरबी में बरज़ख कहा जाता है । यह कब्र की वह अवधि है जिसमें एक पूरी आध्यात्मिक चेतना के साथ अस्तित्व दूसरे चरण में जागता है । जो लोग इस सांसारिक जीवन में मृत्यु के बाद जीवन के लिए तैयार हैं, वे आगे आनेवाले सुख और संतोष की संभावना के कारण आनंद और राहत का अनुभव करेंगे । जो लोग जीवन की इस वास्तविकता को नजरअंदाज करते हैं, वे उन आसन्न आपदाओं की वजह से भारी पश्चाताप झेलेंगे जो उन पर चल रही होगी । कुरआन हमें सूचित करता है कि मृत्यु के क्षण में, इन दोनो विरोधी स्थिति की घोषणा, आत्मा को फ़रिश्ते, स्वर्गदूत द्वारा की जाती हैं:

*जिन लोगों ने कहा कि "हमारा रब अल्लाह है" फिर इसपर दृढ़तापूर्वक जमे रहे, उनपर फ़रिश्ते, स्वर्गदूत उतरते हैं कि "न डरो और न शोकाकुल हो, और उस जन्नत*

*की शुभ सूचना लो जिसका तुमसे वादा किया गया है । (पवित्र क़ुरान ४१:३०)*

*क्या ही अच्छा होता कि तुम देखते जब फ़रिश्ते इनकारकरनेवालों के प्राण ग्रस्त करते हैं; वे उनके चेहरों और उनकी पीठों पर मारते जाते हैं कि 'लो अब जलने की यातना का मज़ा चखो' I (क़ुरान ८:५०)*

कब्र की अवधि के बाद जीवन का पहला चरण है जो हमारी पसंद के परिणामों को इंगित करता है जो हमने अपने सांसारिक जीवन में किए हैं । पैगम्बर मुहम्मद (अल्लाह का आशीर्वाद और शांति हो उन पर) ने कहा है "कब्र अगले जीवन के पहले चरणों में से एक है । यदि कोई इस से सुरक्षित रूप से गुजरता है, तो इसके बाद के चरण आसान हैं । लेकिन, अगर कोई इस पहले चरण में विफल रहता है, तो इसके बाद का चरण अधिक गंभीर है" I

आत्मा इस मध्यवर्ती अवस्था में अंत समय तक रहेगी जब तक इस भौतिक निर्माण का अस्तित्व एक नए नई दुनिया में बदल जाएगा । यह एक महत्वपूर्ण घटना है जिसे कुरान में ज्वलंत शब्दों में वर्णित किया गया है । उदाहरण के लिए, (२२:१-२) में, हम पढ़ते हैं;

*ऐ लोगो! अपने ईश्वर का डर रखो! निश्चय ही क़ियामत, प्रलय की घड़ी का भूकम्प बड़ा भयानक है । जिस दिन तुम उसे देखोगे, हाल यह होगा कि प्रत्येक दूध पिलानेवाली अपने दूध पीते बच्चे को भूल जाएगी और प्रत्येक गर्भवती अपना गर्भभार रख देगी । और लोगों को तुम नशे में देखोगे, हालाँकि वे नशे में न होंगे, बल्कि अल्लाह की यातना बड़ी विकत, दर्दनाक है*

समय का अंत, नई दुनिया की शुरुआत है जो मृतकों के पुनरुत्थान के साथ शुरू होगी और पूरे मानव जाति को फिर से दुबारा पैदा किया जाएगा । कुरान इस दिन को वास्तव में अविश्वासियों के लिए एक बहुत ही मुश्किल दिन के रूप में वर्णित करता है जो पृथ्वी पर जीवन के दूसरे अवसर की याचना करेंगे ताकि वे अपने गलती और तरीकों में सुधार कर सकें । विश्वासियों के लिए इस दिन डरने का कोई करान नहीं होगा ।१८

फिर अंतिम निर्णय के लिए मानवता को इकट्ठा किया जाएगा । यह न्याय का दिन है जो इतना महत्वपूर्ण है कि कुरआन कई शब्दों में इसका वर्णन करता है; पश्चात्ताप का दिन (१९:३९), विजय का दिन (३२:२९), आपद्ग्रस्त दिन (७६:१०), एक भारी दिन (७६:२७) हिसाब

का दिन (३८:१६, ४०:२७) इत्यादि । न्याय का दिन वह दिन है जब हमारे आध्यात्मिक अस्तित्व का हमारे ईश्वर द्वारा न्याय किया जाएगा । यह धर्मी लोगों के लिए बहुत खुशी और खुशी की उम्मीदों का दिन है और ईश्वर और अंतिम दिन के इंकार करने वालों के लिए पछतावा और विलाप का दिन है । इन दो स्थितियों का कुरान के निम्नलिखित श्लोक में अभिव्यक्त किया गया है:

*ऐ मनुष्य! तू परिश्रम करता हुआ अपने रब ही की ओर खिंचा चला जा रहा है और अन्ततः उससे मिलने वाला है । फिर जिस किसी को उसका कर्म-पत्र उसके दाहिने हाथ में दिया गया, तो उससे आसान, हिसाब लिया जाएगा, और वह अपने लोगों की तरफ ख़ुश-ख़ुश जायेगा । और वह व्यक्ति जिसका कर्म-पत्र उसकी पीठ के पीछे से दिया गया, तो वह विनाश (मृत्यु) को पुकारेगा, और दहकती आग में जा पड़ेगा । वह अपने लोगों में मग्न था, उसने यह समझ रखा था कि उसे कभी अपने (ईश्वर की तरफ) पलटना नहीं है । क़ुरान (८४:६-१४)*

इस्लाम हमें सिखाता है कि इसके दुनिया के जीवन के बाद धर्मी लोग अपने परिवार के धर्मी सदस्यों के साथ एकजुट होंगे; १९ स्वर्ग में हमारे माता-पिता, भाइयों और बहनों, हमारे बच्चों, हमारे दोस्तों से मिलना कितना आनंदमय होगा । लेकिन दुष्टों के लिए, यह पूरी तरह से एक निषिद्ध परिदृश्य होगा; वे चाह रहे होंगे की उनका कभी अस्तित्व ही न रहा हो:

*“हमने तुम्हें निकट आनेवाली यातना से सावधान कर दिया है । जिस दिन मनुष्य देख लेगा जो कुछ उसके हाथों ने आगे भेजा होगा, और इनकार करनेवाला कहेगा, ‘ऐ काश! कि मैं मिट्टी होता’ (कुरआन ७८:४०)*



*ओमान स्थित सुल्तान कबूस ग्रैंड मस्जिद, के कालीन*

# अन्य धर्मों पर इस्लामी दृष्टिकोण

मनुष्यों की सृष्टि अपने निर्माता के प्राकृतिक पहचान और जन्मजात बुनियादी नैतिक मूल्यों (अरबी भाषा में फ़ित्रा) के साथ हुई है । मानव इतिहास साक्षी है ईश्वर ने मानव जाति में इस प्राकृतिक आदर्श को जगाने के लिए सभी राष्ट्रों के लिए नबियों, पैगम्बरों को भेजा है । इन सभी पैगंबरों को ईश्वर का संदेश हमेशा मूल पंथ में एक सा रहा है - दैवीय एकता, मौत के बाद के जीवन का विश्वास और धार्मिकता, भलेही कानून और इबादत (भक्ति) पूजा के नियम और रूप विविध हैं । २० अल्लाह कुरान (४२:१३) में कहता है;

> *उसने तुम्हारे लिए वही धर्म निर्धारित किया जिसका हुक्म उसने नूह को किया था । और वह (जीवन्त आदेश) जिसकी प्रकाशना हमने तुम्हारी ओर अवतरित किया है और वह जिसका हुक्म हमने इबराहीम और मूसा और ईसा को कीया था यह है कि "धर्म को क़ायम करो और उसके विषय में अलग-अलग न हो जाओ" I बहुदेववादियों को वह चीज़ बहुत अप्रिय है, जिसकी ओरतुम उन्हें बुलाते हो । अल्लाह जिसे चाहता है अपनी ओर छाँट लेता है और अपनी ओर का मार्ग उसी को दिखाता है जो उसकी ओर पलटता है ।*

मानव द्वारा मूल संदेशों से क्रमिक विचलन के परिणाम स्वरूप समय के साथ पंथ और धर्म में विविधता उभरी है । कुरान में अल्लाह मानवता को इब्राहीम के मूल पंथ में लौटने के लिए कह रहा है जो विश्वास में एक सच्चे एकेश्वरवादी थे और मानव इतिहास में ईश्वर द्वारा भेजे गए सभी दूतों के पूर्वज थे । इसलिए, इस्लामी दृष्टिकोण से, सभी भिन्न धर्म दो श्रेणियों में आते हैं ।

### १ एकेश्वरवादी धर्म

यहूदी धर्म, ईसाई धर्म और इस्लाम धर्म पैगंबर अब्राहम (शांति हो उन पर) के एकेश्वरवादी परंपराओं को साझा करते हैं, उनके शुद्ध रूप में, इन तीनों धर्मों में विश्वास और धर्म के मूल सिद्धांत समान हैं ।

यहूदियों और ईसाइयों को क़ुरान की कई आयतों में "किताब के लोग" कहा जाता है।२१ इसका मतलब है कि यह वे लोग हैं जो दिव्य धर्मग्रंथों से संबंधित हैं, अर्थात् तोराह और इंजील । हालाँकि, अपने वर्तमान रूप में ये दो धर्मग्रंथ अपने-अपने पैगम्बरों, मूसा और ईसा (शांति हो उन पर) के मूलरूप संदेशों से बदल गए हैं।२२ इसके फलस्वरूप, इस्लाम धर्म, यहूदी और ईसाई धर्म को, उन धर्मों के रूप में देखता है जो मूसा और ईसा (शांति हो उन पर) की सच्ची शिक्षाओं के अनुरूप नहीं हैं ।

कुरान न केवल मूसा और ईसा (उन पर शांति हो) के संदेशों की पुष्टि करने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रकट किया गया था, बल्कि उनके संदेशों में से विचलन को ठीक करने के लिए भी।२३ इस कारण से, इस्लामिक दृष्टिकोण से, मूसा और ईसा (उन पर शांति हो) के संदेशों के सच्चे अनुयायी, वास्तव में कुरआन का पालन करने वाले ही हैं ।

**२ अन्य धर्म**

यहूदी और ईसाई धर्म के अलावा अन्य धर्मों के संबंध में, जैसे की हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म और अन्य, इस्लाम उन्हें उन धर्मों के रूप में देखता है जो पारंपरिक दूतों के संदेशों से दूर हैं और इस तरह इब्राहीमी परंपराओं से जुड़े नहीं हैं । इनमें से कुछ धर्म नास्तिकता की ओर झुकाव रखते हैं, और अन्य लोग पथभ्रष्ट होकर एक सच्चे ईश्वर, अल्लाह की भक्ति में कई और को भी साथ जोड़कर, अर्चना करते है । अन्य देवताओं को, एक और अकेले, सच्चे ईश्वर के साथ जोड़ना ईश्वरीय एकता के सिद्धांत के विपरीत है, (धारा ३ देखें)

इन सभी मतभेदों के बावजूद, इस्लाम सभी धर्मों के साथ-साथ उन लोगों का भी सम्मान करता है जो इन धर्मों का पालन करते हैं, क्योंकि अल्लाह वह है जिसने मानव जाति का निर्माण किया और हमें आस्था के मामलों में पसंद और इच्छा की स्वतंत्रता दी । अल्लाह क़ुरान (१०:९९ ) में कहता है;

> ***यदि तुम्हारा रब चाहता तो धरती में जितने लोग हैं वे सब के सब ईमान ले आते, फिर क्या तुम लोगों को विवश करोगे कि वे मोमिन हो जाएँ?***

यह दूसरे श्लोक (२:२५६) में भी दोहराया गया है:

*धर्म में कोई बाध्यता, जबरदस्ती नहीं: सत्य झूट से अलग होकर स्पष्ट है ।*

इस प्रकार, आस्था में विविधता मानव जाति के निर्माण में अल्लाह की योजना के अंतरगत है ।२४ इस मान्यता के साथ, पूरे इतिहास में मुस्लिम अन्य धर्मों के लोगों के साथ शांति, प्रेम, सद्भावना और सद्भाव से रहते हैं । यह वास्तव में उल्लेखनीय है कि इस्लाम मानवता की गरिमा की रक्षा करता है और आस्था के मामलों में मानवता की समानता और इच्छाशक्ति की स्वतंत्रता के आधार पर नैतिक मूल्यों को लागू करता है ।



*मक्का की वार्षिक तीर्थयात्रा में सभी देशों के ३० लाख से अधिक लोग एक ईश्वर, अल्लाह की इबादत के लिए एक स्थान पर आते हैं । यह धर्म की एकता और मानवता की एकता का एक व्यावहारिक प्रदर्शन और सुदृढ़ीकरण है ।*

# इस्लाम में इशू का स्थान

अल्लाह द्वारा भेजे गए सभी दूतों पर विश्वास करना इस्लाम में आस्था के सिद्धांतों में से एक है । मुसलमानों का मानना है कि इशू (शांति हो उन पर) अल्लाह के महानतम नबियों, दूतों में से एक है ।

इशू (शांति हो उन पर) के जीवन और शिक्षाओं को, उनके जाने के दशकों बाद, बाइबल में दर्शाया गया था, इस प्रकार वे रहस्य से घिरा हुआ है । कुरान, जिसमें ईसा (शांति हो उन पर) का पच्चीस बार उल्लेख किया गया है, उनके व्यक्तित्व और शिक्षाओं के आसपास के रहस्य और अंधविश्वासों को स्पष्ट करने के लिए आया था, ईसा और उनकी माँ (शांति हो उन दोनों पर) को लेकर किये गए झूठे दावों को खंडित किया और उन्हें और उनकी माँ को अल्लाह के सच्चे और धर्मनिष्ठ सेवक के रूप में सम्मानित किया । इस प्रकार, कुरान हमें सिखाता है कि:

- ईसा (शांति हो उन पर) उनकी माँ कुंवारी मरियम की चमत्कारिक गर्भाधान के बाद पैदा हुए थे । तदनुसार, ईसा (शांति हो उन पर), के कोई पिता नहीं थे इस प्रकार, उनके पास कोई पिता की तरफ से वंशावली नहीं थी, बल्कि एक महान मातृ वंशावली थी, क्योंकि  मरियम पैगंबर के परिवार से आई थी । हालाँकि, उनकी चमत्कारी गर्भाधान के बावजूद, वह पूरी तरह से मानव थे और, जैसा कि कुरआन ने हमें सूचित किया, उन्होंने कभी भी अल्लाह द्वारा नबी के रूप में नियुक्त किए गए इंसान से अधिक होने का दावा नहीं किया ।२५ उदाहरण के लिए, कुरान ५:११६ -११७ में, अल्लाह निर्णय, इन्साफ के दिन के एक दृश्य का वर्णन करता है:

  ***और याद करो जब अल्लाह कहेगा, "ऐ मरयम के बेटे ईसा! क्या तुमने लोगों से कहा था कि अल्लाह के अतिरिक्त दो और पूज्य, मुझे और मेरी माँ को बना लो?" वह कहेगा, "महिमावान है तू! मुझसे यह नहीं हो सकता कि मैं यह बात कहूँ, जिसका मुझे कोई हक़ नहीं है । यदि मैंने यह कहा होता तो तुझे मालूम ही होता । तू जानता है, जो कुछ मेरे मन में है । परन्तु मैं नहीं जानता जो कुछ तेरे मन में है । निश्चय ही, तू छिपी बातों का भली-भाँति जाननेवाला है । मैंने उनसे उसके सिवा और कुछ नहीं कहा, जिसका तूने मुझे आदेश दिया था, यह कि अल्लाह की इबादत करो, जो मेरा भी रब है और तुम्हारा भी रब है । और जब तक मैं उनमें रहा उनकी ख़बर रखता था, फिर जब तूने मुझे उठा लिया तो फिर तू ही उनका निरीक्षक था । और तू ही हर चीज़ का साक्षी है ।***

बाइबल में ही इस बात के बहुत से प्रमाण हैं कि ईसा (उनपर पर शांति हो), विनम्र थे, परमेश्वर के प्रति अपनी दृढ़ता का दावा करते थे और कभी भी दिव्यता का दावा नहीं किया ।२६

- वह मसीह थे,जिसका अर्थ है कि वह एक नबी के रूप मेंअल्लाह द्वारा अभिषिक्त या नियुक्त किये गए थे। २७
- उन्होंने अल्लाह की अनुमति से चमत्कार किए, लेकिन पहला चमत्कार यह था कि उन्होंने अपनी माँ मरियम की रक्षा के लिए शिशु अवस्था में बात की, जिसे कुंवारी जन्म के कारण अभद्रता के आरोपों का सामना करना पड़ा था । बाद में जीवन में उन्होंने अल्लाह की अनुमति से कई अन्य चमत्कार किए, जैसे कि मृतकों को ज़िंदा और अंधे और कोढ़ियों को ठीक करना ।२८
- उन्हें गॉस्पेल या इवेंजेल किताब (अरबी में अल-इंजेल) के साथ भेजा गया था ।२९ उदाहरण के लिए, कुरान ५:४६ में अल्लाह कहते हैं:

*और पूर्ववर्ती पैगंबर के बाद उन्हीं के पद-चिन्हों पर हमने मरयम के बेटे ईसा को भेजा जो पहले से उनके सामने मौजूद किताब 'तौरात' की पुष्टि करनेवाला था । और हमने उसे इनजील प्रदान की, जिसमें मार्गदर्शन और प्रकाश था । और वह अपनी पूर्ववर्ती किताब तौरात की पुष्टि करनेवाली थी, और वह डर रखनेवालों के लिए मार्गदर्शन और नसीहत थी ।*

- उन्हें केवल इसराईल की संतान, यहूदियों के लिए दूत बनाकर भेजा गया था, किसी अन्य राष्ट्र के लिए नहीं । अल्लाह कुरान ३:४९ में कहता है,

*"और (इशू को) इसराईल की संतान की ओर रसूल बनाकर भेजा...."*

यह तथ्य कि ईसा (शांति हो उन पर), केवल इसराईल की संतान के लिए भेजे गए थे आज की बाइबिल के सभी विभिन्न संस्करणों में भी परिलक्षित है।३०

- उन्हें न तो मारा गया और न ही सूली पर चढ़ाया गया । अल्लाह कुरान में कहता है ४:१५७–१५८:

*और उनके इस कथन के कारण कि हमने मरयम के बेटे ईसा मसीह, अल्लाह के रसूल, को क़त्ल कर डाला, हालाँकि न तो इन्होंने उसे क़त्ल*

*किया और न उन्हें सूली पर चढ़ाया, बल्कि मामला उनके लिए संदिग्ध हो गया । और जो लोग इसमें विभेद कर रहे हैं, निश्चय ही वे इस मामले में सन्देह में थे । अटकल पर चलने के अतिरिक्त उनके पास कोई ज्ञान न था । निश्चय ही उन्होंने उसे (ईसा को) क़त्ल नहीं किया, बल्कि उसे अल्लाह ने अपनी ओर उठा लिया । और अल्लाह अत्यन्त प्रभुत्वशाली, तत्वदर्शी है ।*

ईसा (उनपर पर शांति हो) को सूली पर चढ़ाने के लिए उनके दुश्मनों द्वारा प्रयास किया गया था, लेकिन अल्लाह ने अपने नबी को अपमानित नहीं होने दिया: उसने अपने नबी की रक्षा की और उन्हें बचा लिया ।



*यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद, इस्लाम में तीसरी सबसे पवित्र मस्जिद । जैसा कुरान (१७:१ और ५३: १३-१८) में वर्णन है, पैगंबर मुहम्मद, (अल्लाह की शांति और आशीर्वाद उन पर हो), जो इस मस्जिद से वर्ष ६२१ ईस्वी में स्वर्ग की तरफ चले थे।*

# इस्लाम के अलावा दूसरे धरम क्यों सही नहीं ?

एक गलत धारणा है कि कोई भी धर्म जो लोगों के बीच सद्भाव, और प्रेम को बढ़ावा देता है, अनिवार्य रूप से ईश्वर और ईश्वरत्व की ओर जाता है और इसलिए, ऐसा कोई भी धर्म स्वीकार्य है । दूसरे शब्दों में, सभी धर्म अनिवार्य रूप से अच्छे हैं, और बराबर हैं, इसलिए, किसी को किसी विशेष धर्म का पालन करने की आवश्यकता नहीं है । यह सोच या धरना दो महत्वपूर्ण कारणों से दोषपूर्ण और त्रुटिपूर्ण है ।

पहला, धर्म जग निर्माता, अल्लाह के प्रति हमारी भक्ति के बारे में है । धर्म इस बारे में है कि हम ईश्वर से कैसे संबंधित हैं, हम उसकी इबादत (पूजा) कैसे करते हैं और हम उसकी इच्छा के अनुसार इस पृथ्वी पर अपना जीवन कैसे व्यतीत करते हैं । ये सभी सवाल हमारे निर्माता से आने चाहिए । इसलिए, सही और सही धर्म निर्माता द्वारा निर्धारित होना चाहिए ।

दूसरा, यह कहना कि आज के समय में मौजूद सभी धर्म निर्माता द्वारा है और हमारे लिए सही है, यह ग़लत है, क्योंकि आज विभिन्न धर्मों में सैद्धांतिक और व्यावहारिक विरोधाभास हैं । उदाहरण के लिए: उनके अनुयायियों द्वारा पालन की जाने वाले सभी धर्म निर्माता की एकेश्वरवादी गन और विशेषता को लेकर सहमत नहीं हैं, दूसरे, मोक्ष के सिद्धांतों पर धर्मों के बीच बड़े मतभेद हैं, और तीसरा, धर्मों में इस बात को लेकर मतभेद हैं कि जायज क्या है और गैरकानूनी क्या है ।

निश्चित रूप से निर्माता खुद का विरोध नहीं करता । इसलिए उसका धर्म पूरी मानवता के लिए सुसंगत होना चाहिए - अपनी बुनियादी मान्यताओं और प्रथाओं के अनुरूप, सामान होना चाहिए । यह व्यक्ति पर निर्भर है कि वह ज्ञान और तर्क के माध्यम से सत्य की तलाश करे । मानव धोखे में नहीं रहे कि सभी धर्म अनिवार्य रूप से अच्छे हैं और इसलिए निर्माता को स्वीकार्य हैं; उसके लिए स्वीकार्य एकमात्र धर्म उसका धर्म है ।

इस्लाम कोई नया नहीं है; यह वही धर्म है जो मानवता के पहले की सभी पीढ़ियों के लिए प्रकट किया गया था । पैगंबरों के मूल संदेशों से विचलन के कारण मानव इतिहास में धर्मों

की विविधता उभरी । अंतिम संदेशवाहक, मुहम्मद और अंतिम संदेश, कुरान, मूल संदेश के प्रति मानवता का मार्गदर्शन करने के लिए आया था । इस प्रकार, निर्माता के लिए स्वीकार्य एकमात्र धर्म वह है जो इस अंतिम संदेश के अनुरूप है - इस्लाम, जिसका अर्थ है उसकी इच्छा के अनुसार जीवन को व्यतीत करना । इस प्रकार, अल्लाह कुरआन ३:८५ में कहता है,

> *जो इस्लाम के अतिरिक्त कोई और धर्म की इच्छा करेगा तो उसकी ओर से कुछ भी स्वीकार न किया जाएगा । और यहाँ के बाद वाले जीवन में वह घाटा उठानेवालों में से होगा ।*

इस्लाम ईश्वर के सभी दूतों का धर्म था, पैगम्बर मोहम्मद से पहले आनेवाले संदेशवाहक इब्राहिम , मूसा और ईसा (शांति उन सभी पर हो ) सहित सभी का धर्म इस्लाम ही था क्योंकि वे निर्माता के अधीन थे और पूरीतरह से उनकी इच्छा अनुसार कार्य करते थे । इस्लाम पूर्ववर्ती नबियों के ईमानदार अनुयायियों का भी धर्म था, जिन्होंने अपने-अपने नबियों की सच्ची शिक्षाओं का पालन किया।



# नास्तिकता और अज्ञेयवाद पर फिटकार

नास्तिकता ईश्वर का खंडन है, और मौत के बाद के जीवन के इनकार का भी अर्थ है । अज्ञेयवाद को ईश्वर के अस्तित्व पर संदेह है । नास्तिक और अज्ञेय दोनों ही विभिन्न कारणों को अपने इनकार या संदेह का आधार बनाते हैं । पुराने समय में यह कारण ईश्वर की उपस्थिति को शारीरिक रूप से देखने या महसूस करने में हमारी अक्षमता के बारे में थे या दुख के मानवीय अनुभव के बारे में; अगर ईश्वर है तो हमें तकलीफ क्यों होती है । आधुनिक समय में कारण अधिक परिष्कृत होते हैं; ईश्वर के अस्तित्व को वैज्ञानिक रूप से सिद्ध क्यों नहीं किया जा सकता है? इसके अलावा, चूंकि हम वैज्ञानिक रूप से निर्माण में कई घटनाओं की व्याख्या कर सकते हैं, भगवान के अस्तित्व का कोई आधार नहीं है ।

इस्लाम ईश्वर के अस्तित्व पर मानवीय विवेक, बुद्धि को अपील करके इस अस्वीकृति या संशय को संबोधित करता है । सृष्टिकर्ता और सृष्टि की प्रकृति असीम रूप से भिन्न हैं इस लिए मनुष्य में ईश्वर को देखने की क्षमता नहीं है । इसके अलावा, अगर ईश्वर के पास एक भौतिक रूप है जिसे हम देख सकते हैं, तो वह अंतरिक्ष, समय और पदार्थ में सीमित या विवश होता । यह एक बेतुका प्रस्ताव है, क्योंकि अंतरिक्ष, समय और पदार्थ निर्मित चीजें हैं और इसलिए, वे निर्माता को सीमित नहीं कर सकते हैं । कुरआन इसके बजाय लोगों को सृजन की बौद्धिक जाँच के लिए आमंत्रित करता है ताकि वे ईश्वर को उसकी रचना के माध्यम से समझ सकें । ईश्वर के अस्तित्व के प्रमाणों को कुरान में 'संकेत' (अरबी भाषा में आयत) कहा जाता है, और कुरआन में इन के सैकड़ों संकेत हैं । अध्याय ४१, श्लोक ५३ में अल्लाह कहता है:

> *हम अपनी (क़ुदरत) की निशानियाँ क्षितिज पर और ख़ुद उनमें भी दिखा देगें यहाँ तक कि उनके लिए स्पष्ट हो जायेगा कि यक़ीनन यह सत्य है I क्या यह पर्याप्त नहीं है कि आपका परवरदिगार हर चीज पर क़ाबू रखता है?*

इस प्रकार, इस वादे के साथ, कुरान मानव जाति को ईश्वर के अस्तित्व के कई सबूतों पर उसकी रचना के माध्यम से विचार करने के लिए आमंत्रित करता है । उदाहरण के लिए, कुरान (३:१९०) में अल्लाह कहता है;

*निस्सन्देह आकाशों और धरती की रचना में और रात और दिन के आगे-पीछे बारी-बारी आने में उन बुद्धिमानों के लिए निशानियाँ हैं ।*

वास्तव में, आकाश और पृथ्वी के निर्माण में वैज्ञानिकों ने आश्चर्यजनक तथ्य खोजे हैं; उदाहरण (i) ब्रह्मांड की एक शुरुआत थी, यानी यह कुछ भी नहीं से शुरू हुआ था, (ii) ब्रह्मांड सटीक और परस्पर भौतिक नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार विकसित हुआ, (iii) २०० से अधिक मापदंड हैं जो पृथ्वी पर जीवन को संभव बनाते हैं, उदाहरण के लिए, पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी, पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण खीचाव, वायुमंडलीय संरचना, पानी का अस्तित्व, और इत्यादि ।

एक और श्लोक में अल्लाह कहता है;

*वही है जिसने आकाश से तुम्हारे लिए पानी बरसाया, जिसे तुम पीते हो और उसी से पेड़ और वनस्पतियाँ भी उगती हैं, जिनमें तुम जानवरों को चराते हो । और उसी से वह तुम्हारे लिए खेतियाँ उगाता है और ज़ैतून, खजूर, अंगूर और हर प्रकार के फल पैदा करता है । निश्चय ही सोच-विचार करनेवालों के लिए इसमें एक निशानी है । (क़ुरान १६:१०-११)*

इस आयत में ईश्वर के अस्तित्व के कई संकेतों का उल्लेख किया गया है । बस एक तत्व को ही बात करें जैसे, बारिश का गठन: इसमें सैकड़ों भौतिक कानून और सटीक मानदंड शामिल हैं: पृथ्वी से नमी का वाष्पीकरण, आकाश में नमी का उभार, बूंदों में नमी का संघनन, बूंदों का बादलों में जमा होना, हजारों टन पानी से लदे बादलों की आवाजाही, और बारिश के रूप में बूंदों का धरती पर गिरना । इन सभी प्रक्रियाओं को सटीक भौतिक कानूनों और मापदंडों द्वारा नियंत्रित किया जाता है । कुरआन हमें सृजन, निर्माण के इन हजारों संकेतों पर विचार करने के लिए आमंत्रित करता है । एक उचित सोच वाले इंसान के लिए यह सब एक सर्वोच्च नक्शानवीस और निर्माता, ईश्वर, की ओर इशारा करता है । यह मानना अनुचित है कि यह सभी बुद्धिमान बनावट, जटिलता और निर्माण में सटीकता और इसके सभी गहन

गतिशीलता याद्दच्छिक मौका का एक परिणाम है या यह अचानक हुआ है । वास्तव में, कई महान आधुनिक वैज्ञानिक इसी तार्किक निष्कर्ष पर आए हैं ।३१

कुरआन हमें यह भी सूचित करता है कि सभी मनुष्यों को सृष्टिकर्ता को पहचानने और उसकी इच्छा पूरी करने के एक प्राकृतिक स्वभाव के साथ बनाया गया है (अरबी भाषा में इस फितरत कहते है) ।३२ इसका प्रमाण यह है कि जब हम एक गंभीर संकट का सामना करते हैं और महसूस करते हैं कि कोई भी इंसान अब हमारी मदद नहीं कर सकता है, तब हम मदद के लिए ईश्वर की ओर नज़र करते हैं । हमारे निर्माता ने दूतों को नियुक्त किया है और उसे पहचानने के इस विवेक को जगाने के लिए धर्मग्रंथ भी भेजा । क्योंकि ईश्वर ने हमें इच्छाशक्ति की स्वतंत्रता दी है, हम उसे पहचानने के इस प्राकृतिक स्वभाव को अनदेखा करने की क्षमता रखते हैं । लेकिन ईश्वर हमें कुरान में बताता है कि जो लोग उसे विश्वास करने के लिए आंतरिक चेतना का साथ दिए, ईश्वर उनका मार्गदर्शन करेगा, और जिन लोगों ने उस पर विश्वास करने के खिलाफ अपनी अंतरात्मा को अनदेखा किया, वह उन्हें भटका देगा, और यह हमारे निर्माण की ईश्वर की योजना है ।३३

कुरान, जो मानव जाति के लिए भेजा गया अंतिम अवतरण है, अपने आप में ईश्वर के अस्तित्व का संकेत है । हम कुरान के अध्याय ४ श्लोक ८२ में पढ़ते हैं;

> ***क्या वे क़ुरआन में सोच-विचार नहीं करते? यदि यह अल्लाह के अतिरिक्त किसी और की ओर से होता, तो निश्चय ही वे इसमें बहुत-सी असहमति की बातें पाते।***

कुरआन का एक उद्देश्य और खुला अध्ययन स्पष्ट रूप से दिखाता है कि यह आदमी द्वारा नहीं लिखा जा सकता, (धारा ७ देखें)। कुरआन ईश्वर के अस्तित्व का एक शक्तिशाली प्रमाण है ।

ईश्वर ने हमें एक अनन्त दिव्य उद्देश्य के लिए बनाया और उनकी अधिकांश रचनाओं के अधिक हम पर उपकार किया ।३४ इस पृथ्वी पर हमारा जीवन अस्थाई है और इसका

